


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 205/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 6 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in




**सांध्यप्रकाश विशेष**

## मेरे सामने टाटा, अंबानी और गरीब ब्राह्मण आए तो मैं ब्राह्मण के पैर छू लूंगा: आईएएस नियाज खान




**किताब ब्राह्मण दी ग्रेट का विमोचन**

उज्जैन। मध्यप्रदेश केडर के आईएएस अधिकारी नियाज खान की बहुप्रतीक्षित पुस्तक ब्राह्मण दी ग्रेट का विमोचन उज्जैन में आजभानपुरा के शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर वितराग आनंद स्वामी, महामंडलेश्वर अतुलेशानंद जी स्वामी और महामंडलेश्वर शैलाषानंदजी स्वामी उपस्थित रहे।

हाल ही में नियाज खान ने सोशल मीडिया पर इस पुस्तक का कवर पर अपलोड किया था। जिस पर अलग-अलग प्रकार की काफी प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने बताया कि आखिर ये किताब क्यों लिखी गई। मुझसे पूछ रहे हैं कि मैंने ये किताब क्यों लिखी। मैंने ये किताब इसलिए लिखी क्योंकि मैं बताना चाहता हूं कि ब्राह्मण साहस का दूसरा नाम हैं। ब्राह्मण दयालुता, ईमानदारी, त्याग, विद्वत्ता, देशभक्त, सहिष्णुता का नाम हैं, ब्राह्मण संस्कृति और धर्म के रक्षक हैं।

नियाज़ ने सोशल मीडिया के कवर पेज पर मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए लोगों के प्रति धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही किताब ई-बुक प्लेटफॉर्म पर मिलने लगेगी। नियाज खान ने आशा व्यक्त की कि यह किताब ब्राह्मणों के बारे में लोगों की सोच बदल देगी। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का आईक्यू जबरदस्त होता है। उसका सम्मान किया जाना चाहिए।

### बाजार में जल्द आएगा हिंदी अनुवाद



उन्होंने बताया कि फिलहाल ये किताब इंग्लिश में है। अगले चार महीनों में इसका हिंदी अनुवाद बाजार में आ जाएगा. उसका टाइटल होगा महान ब्राह्मण इस किताब को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह किताब प्रेम का वाहक होगी।

बता दें, इस किताब को लेकर अब राजनीतिक व प्रशासनिक गलियारे में खूब चर्चा हो रही है। इसकी वजह है कि आईएएस नियाज खान प्रदेश में सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। पिछले साल भी उनके ट्वीट वायरल हुए थे। इस पुस्तक को लाखों लोग पसंद कर रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण उपाध्याय, अभिभाषक जिया लाल शर्मा, कवि अशोक भाटी पूर्व पार्षद संतोष व्यास, पत्रकार विजय व्यास सहित बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोग मौजूद थे।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज महिला कांग्रेस के तत्वावधान में महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर सम्मेलजन का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आरिफ मसूद, विभा पटेल, संतोष कंसाना आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रदेश में पदस्थ 74 आरआर के परिविक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों ने समत्व भवन में भेंट की।

## गड़बड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे: चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिहार में राबड़ी देवी के यहां पड़े छापे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। पहले नेता के विरुद्ध के कार्रवाई नहीं होती थी, लेकिन माननीय मोदी जी ने कह दिया है कि गड़बड़ करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

मुख्यमंत्री आज सुबह मीडिया से चर्चा कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा महिलाओं के लिए सरकार बनने पर डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा पर श्री चौहान ने कहा- कमलनाथ जी पहले यह बताएं कि आहार अनुदान योजना के रूप में जो मैं अत्यंत पिछड़ी जनजातीय बहनों को 1 हजार रुपए देता था, उसे क्यों छीना? आपने वचन पत्र में बहनों के लिए जीवनभर भरण पोषण हेतु योजना बनाने का वादा किया था, कौन सी योजना बनाई? जो योजना चल रही थी, उसे भी बंद करने का पाप किया।

श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश के जल योद्धाओं अनीता चौधरी, गंगा राजपूत और सरपंच नीतू परिहार को जल संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया है।

## राबड़ी के घर फिर पहुंची सीबीआई टीम
## जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में कार्रवाई, 15 मार्च को लालू-राबड़ी की पेशी

पटना। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआइ की टीम सोमवार सुबह से लालू यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से उनके घर पूछताछ कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 12 अफसरों की टीम 2 से 3 गाड़ियों में उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची। इधर, आरजेडी नेता और कार्यकर्ता आवास के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया है। सीबीआई ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा पेश होने के आदेश दिए गए हैं।

पहले पूछताछ ऑफिस में होनी थी

सुबह जब टीम राबड़ी के घर पहुंची तो उस वक्त बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, लेकिन बाद में वे विधानसभा के लिए निकल गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीआई ने राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले ये पूछताछ सीबीआई दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गई।

## अमिताभ बच्चन शूटिंग के दौरान हुए घायल



हैदराबाद। अमिताभ बच्चन हैदराबाद में शूटिंग के दौरान घायल हो गए। उन्होंने सोमवार को अपने ब्लॉग पर इस बात की जानकारी दी। अमिताभ अभी मुंबई में अपने घर पर आराम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन प्रभास की फिल्म प्रोजेक्ट च की शूटिंग कर रहे थे। एक एक्शन सीन के दौरान उनकी पसलियों में चोट आई है। हैदराबाद में चेकअप के बाद अमिताभ को मुंबई भेजा गया।

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, रिब केज में मांसपेशी फट गई है। शूटिंग को रद्द कर दिया गया है। पट्टी बांधी गई है और इलाज किया जा रहा है। काफी ज्यादा दर्द हो रहा है। हिलने-डुलने में तकलीफ हो रही है। सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इस दर्द के लिए मुझे कुछ दवाएं दी गई हैं। ठीक होने में अभी कुछ हफ्ते लगेंगे।

अमिताभ ने लिखा- जलसा पर फैंस से नहीं मिल पाऊंगा

बिग बी ने लिखा, जब तक मैं ठीक नहीं हो जाता, तब तक के लिए सारा कामकाज बंद कर दिया गया है। मैं जलसा में आराम कर रहा हूं। जरूरी चीजों के लिए ही थोड़ा बहुत चलूंगा। हां, आराम तो चलता ही रहेगा। मेरे लिए यह कहना काफी मुश्किल है पर मैं जलसा के गेट पर अपने चाहने वालों से नहीं मिल पाऊंगा तो वो ना आएं। आप उन लोगों को भी यह बात बता दें, जो जलसा आने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा बाकी सब ठीक है।%

**छत्तीसगढ़ का बजट पेश**

## भूपेश बघेल ने किया बेरोजगारी भत्ते का ऐलान, पेंशन राशि भी बढ़ाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूदा सरकार का आखिरी बजट पेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बोले हम छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। वार्षिक आय जिनकी 2.5 लाख से कम है, उन्हें दो साल तक ढाई हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। पेंशन की राशि साढ़े 300 से बढ़ाकर 500 किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मासिक मानदेय बढ़ाकर 6.5 हजार से 10 हजार किया गया है। सहायिकों का मानदेय 3.5 से 5 हजार बढ़ाया गया है।

### प्रमुख घोषणाएं-

सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट की स्थापना हेतु 5 करोड़ की मंजूरी, स्वच्छ जल पहुंचाने 2 हजार करोड़ रुपए का मंजूरी, अंतागढ़, कटघोरा, सरायपाली में अपर क्लेक्टर कार्यालय, सात नवीन तहसीलों का गठन होगा।, राजस्व भूमि का दोबारा सर्वेक्षण रडार के जरिए 7 करोड़ का प्रावधान।, राजिम माघी पुन्नी मेला के विकास एवं सुविधाओं के लिए 20 करोड़ 73 लाख का प्रावधान, गीदम और मनेंद्रगढ़ में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा।, सभी तहसील कार्यालयों में सीसीटीवी लगाने के लिए 2 करोड़ 20 हजार का प्रावधान मेकाहारा अस्पताल में 700 बिस्तर वाले अस्पताल के लिए 85 करोड़ का प्रावधान, किसान न्याय योजना के लिए 6 हजार 800 करोड़ो राशि की मंजूरी, शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की नई योजना शुरू की जाएगी।, 2500 रुपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दो वर्ष तक दिया जाएगा।, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को10 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा।, आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 3550 से बढ़ाकर 5 हजार भत्ता दिया गया,ग्राम पटेल को दिए जा रहे 2 हजार रुपये को 3 हजार करने की घोषणा।, राज्य के पर्व त्योहार, आपत्ति विपत्ति में सहयोग करने वाले होम गार्ड के मानदेय में वृद्धि।

### बाबा महाकाल की भस्मारती में फूलों से खेली होली



उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान पुजारियों ने भगवान संग 40 क्विंटल फूलों से होली खेली। कल रंग गुलाल से होली खेली जाएगी। सोमवार को भस्म आरती के दौरान फाग उत्सव का अपार उत्साह देखने को मिला। महाराष्ट्र से आए एक भक्त ने मंदिर के फाग उत्सव में 40 क्विंटल फूल अर्पित किए। भस्म आरती के दौरान महाकाल मंदिर के पुजारियों ने इन्हीं पर फूलों को भगवान को अर्पित किया और होली खेली। भक्तों पर फूल बरसाए। इस दौरान गर्भगृह शिव शंभू, जय शिव, जय महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।

# Fossilised nests of the world's largest dinosaur discovered in India

More than 250 titanosaur eggs have been uncovered in India, revealing more about the lives of some of the largest animals which ever lived.

Among the eggs was one containing the remains of a second egg inside it which suggests that these mighty sauropods may have reproduced similarly to modern birds.

There could have been more titanosaurs in India than previously thought.

A new study, published in the journal PLOS ONE, found evidence of six different types of fossilised egg across the Lameta Formation in central India. They date to the Late Cretaceous, and are thought to have been buried by lava during the eruption of a volcanic area known as the Deccan Traps.

While these eggs don't necessarily all come from different dinosaur species, it adds weight to theories that there could have been more titanosaurs living in India than the three types that are currently known.

Professor Guntupalli V.R. Prasad, co-author and leader of the research team, says, 'Together with dinosaur nests from Jabalpur in the east and Balasinor in the west, the new nesting sites from Madhya Pradesh's Dhar District cover an east-west stretch of about



1000 kilometres.'

'This constitutes one of the largest dinosaur hatcheries in the world.'

An unhatched sauropod egg (left) and the outline of a fossilised shell in the ground (right)

Preserved dinosaur eggs are not commonly found in the fossil record. Image © Dhiman et al., 2023, licensed under CC-BY 4.0 via PLOS ONE.

Titanosaur reproduction

Titanosaurs are among the largest animals which have ever walked the Earth. While they had a similar appearance to other sauropods, such as Diplodocus, they were much bigger.

One of the largest species, Patagotitan mayorum, is believed to have measured over 37 metres long, or the same length as two bowling lanes.

While titanosaur remains are found all over the world, they are most species rich in South America. Around 75% of all titanosaur species are known from Patagonia, with the Auca Mahuevo site having been particularly important for understanding how these dinosaurs reproduced.

Spectacularly preserved sites such as these have revealed exquisite fossils, such as a preserved titanosaur embryo. Described in 2020, this fossil revealed that, like modern birds, titanosaurs developed an egg tooth they used to break open the shell when they were ready to hatch.

But because preserved eggs are very rare, it is difficult for researchers to directly link a type of egg to a type of dinosaur.

Dr Susannah Maidment, a Principal Researcher and Curator of Dinosaurs at the Museum, explains, 'Dinosaur eggs aren't very

शेष पृष्ठ 6 पर

## कलाकुंज अन्वी सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सभागार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कला कुंज फाउंडेशन अन्वी सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही इस वर्ष ओपन नॉमिनेशन भी लिए गए थे। जिसमें मध्य प्रदेश की हर महिलओ ने इस अवार्ड के लिए आवेदन किया गया था सभी चयनित हर कैटेगरी में 25 महिलाओं को कार्यक्रम की मुख्य अथिति माननीय कृष्णा गौ़र विधायक, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की वाईस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, संचालक पूजा चौकसे, संचालक डॉक्टर श्वेता चौकसे के द्वारा सभी महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया साथ ही सभी को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किए गए कार्यक्रम की मुख्य अथिति कृष्णा गौ़र का शाल श्रीफल देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

**भोपाल।** अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज द्वारा आज राजधानी के भेल क्षेत्र में 18 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राने ने बताया कि उनके द्वारा विगत 18 वर्षों से युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश एवं लगभग 18 राज्यों से लोणारी कुनबी समाज के युवक-युवतियां इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर संगठन की सभी कार्यों इकाइयों के सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

## कैलाश परिसर में फूलों की होली, सार्थक बुमन्स पॉवर का आयोजन



**भोपाल।** पटेल नगर स्थित कैलाश परिसर गार्डन में सार्थक बुमन्स पॉवर द्वारा फूलो की होली का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे गोविन्द पूरा विधायक कृष्णा गौर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। साथ ही वार्ड की पार्षद एवं महिला पुलिस अधिकारी सहित अलग-अलग समाज की जिला अध्यक्ष भी अतिथि रूप में उपस्थित रहीं।सार्थक बुमन्स पावर की अध्यक्ष दीपाली तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा 15 स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में महिलाओं ने डांस गाना और गेम्स में हिस्सा लिया। जिसमे शिवम माल ,वुमन वल्ड पार्लर ,मिनाल स्थित मी मार्ट द्वारा गिफ्ट और कूपन्स दिए गए। ढोल नगाड़ों के साथ महिलाओ ने फूलो के साथ होली मनाई । कार्यक्रम में भोपाल जिले के हर क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया। सार्थक की पूरी टीम वंदना मेघानी, प्रिया शर्मा, श्रद्धा दुबे, पारुल डहरिया, स्वेता गुप्ता, मनीषा सिंह, बबिता शर्मा, मीरा तिवारी, श्वेता चेनिया, सोनम शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया ।

# आनंद नगर भाजपा मंडल पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की हुई बैठक



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने आनंद नगर मंडल पदाधिकारीयों, शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, बूथ विस्तारक पार्ट-2 का शुभारंभ हो गया है, भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बूथ स्तर पर सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा करना है, हमारे यहां बूथ एवं शक्ति केंद्र की संरचना है, इसे और मजबूत करना है। भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा संसद में प्रस्तुत अभिभाषण को मंडल की बैठक में पढ़कर सुनाया। मंडल अध्यक्ष प्रदीप लोधी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री गुड्डू पासी, आभार मंडल महामंत्री रत्नाकर सेठिया ने किया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी ने विभिन्न पदाधिकारियों को 29 मंडलों में बैठक की जिम्मेदारी सौंपकर बैठक संपन्न कराई। भोपाल संगठन जिला प्रभारी महेंद्र यादव ने मिसरोद मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। बैठक में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य छाया ठाकुर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, पूर्व मंडल महामंत्रीगण दलजीत सिंह, गजेंद्र मालवीय तथा रंजीत सिंह चंदेल, हंसकुंवर राजपूत, प्रतीक पाराशर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, द्वारका प्रसाद उपाध्याय, कपिल, रामबाबू, राजकुमार तथा अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अरेरा कॉलोनी में जिम ट्रेनर पर गोली चलाने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश पिस्टल के साथ पकड़ा गया

**भोपाल ।** अरेरा कॉलोनी स्थित भोजपुर क्लब के जिम ट्रेनर को बीते वर्ष 25 दिसंबर को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा गया। वह हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित भोजपुर क्लब के जिम ट्रेनर को बीते वर्ष 25 दिसंबर को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा गया। वह हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। कमला नगर पुलिस के अनुसार विवेक पांडे भोजपुर क्लब में जिम ट्रेनर हैं। 25 दिसंबर 2022 को उसे अज्ञात बदमाश ने गोली मार दी थी। जांच में पता चला कि विवेक की दोस्त रक्षा और उसके बायफ्रेंड ने साजिश रचकर उसे गोली मारी थी। इस मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने रक्षा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि गोली मारने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश लालू यादव फरार चल रहा था। इसी बीच मुख्य आरोपी लालू यादव ने फरियादी के घर पहुंचकर धमकी दी कि मामला वापस नहीं लिया तो जान से मार देंगे। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और छापेमारी शुरू कर दी। शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कमला नगर थाना क्षेत्र में घूम रहा है, इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसकी महिला प्रेमिका रक्षा को विवेक कुछ दिनों से परेशान कर रहा था। इसलिए उसने महिला प्रेमिका के कहने पर ही विवेक को गोली मारी थी। पुलिस ने रविवार आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## अखिल भारतीय सिंधी समाज का 5 अप्रैल को होगा सिंधियत जो मेला



**संत हिरदाराम नगर।** अखिल भारतीय सिंधी समाज भोपाल इकाई की सभा संत नगर में रखी गई। सभा की अध्यक्षता डॉ. सी.पी.देवानी ने की। सभा में सभी ने अपने-अपने विचार रखे। जगदीश आसवानी ने सिंधियत जो मेलो रखने का अपना प्रस्ताव रखा। जिसमें सभी ने सहमति प्रदान की। यह कार्यक्रम 5 अप्रैल को आयोजित होगा, इसके लिए जगदीश आसवानी को संयोजक नियुक्त किया गया। मेले मे सिंधियत से जुड़ी सभी प्रकार की गतिविधियां की जाएगी। इसमें सिंधियत से ओतप्रोत गीत संगीत व सिंधी समाज के शान परमानंद प्यासी के हास्य व्यंग व खानपान, नाटक, प्रदर्शनी,फिल्म, कामेडी महान हस्तियों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। इस सभा में राष्ट्रीय संरक्षक कैलाश आसुदानी, राष्ट्रीय सलाहकार मुरली बलवानी, साबू रीझवानी उपस्थित थे। इसमें शहर के हजारों की संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित होंगे।

## महिला दिवस को लेकर रोशन तुम्ही से दुनिया कार्यक्रम का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** कहीं दूर जब दिन ढल जाए, है अपना दिल तो आवारा, चैदवीं का चांद हो जैसे गानों की प्रस्तुतियों से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। आमुर्किल द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रोशन तुम्ही से दुनिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सन पार्क में दोपहर 12 से 5 बजे किया गया। जिसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर गानों की प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर नीतू बेन, ऋषिका बेन, कुमुद बेन, विनय श्रीवास्तव, सुरेखा पारे, देविका राजन, गोविंद राजन, शहनाज, हसन, डॉ. अवधेश सतनामी, बिकिता, वंदना, भारती सिंह, जया आर्य, अनूप, रजनी गुप्ता, प्रभा लहारपुरे, अशोक साहू, पदमाकर पारे, ओ. पी. मालवीया, स्वाती परमार, एम. एम. हुसैन, डॉ. जुनैद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कोलार रोड के बाद अर्मोनिया का दूसरा शोरूम अब होशंगाबाद रोड पर



**भोपाल।** प्रीमियम फर्नीचर, फर्निशिंग और होम डेकोर की मांग को देखते हुए अर्मोनिया ने अपना दूसरा भव्य शोरूम अर्मोनिया होम रविवार को भोपाल में लॉन्च किया। इस दौरान कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। अर्मोनिया का यह प्रीमियम होम डेकोर शोरूम होशंगाबाद रोड में विद्या नगर फेज 2 स्थित सर्विस रोड पर खोला गया है। इस मौके पर शोरूम पार्टनर्स रवि खटवानी, आर्किटेक्ट रितेश हरवानी, देव मंघानी और अमित वाधवानी ने भोपालवासियों को अपने घर के सजावट के बारे में सोचने से पहले एक बार जरूर इस वन स्टॉप प्रीमियम होम डेकोर शौरूम में विजिट करने का अनुरोध किया। भारत में प्रीमियम होम डेकोर और गिफ्टिंग के बाजार में मिलने वाले फर्नीचर, फर्निशिंग और होम डेकोर उत्पादों के लिए पूरी तरह से समर्पित एक शोरूम या ब्रांड की मांग बढ़ रही है, क्योंकि अधिकतर लोग, यहां तक कि मिडिल क्लास और अपर मिडिल क्लास के परिवारों में इसकी बढ़ती डिमांड को देखते हुए हमने मिलकर शहर में दूसरा शोरूम की शुरुआत की है। विशेष रूप से टियर 1 और टियर 2 शहरों में अर्मोनिया होम के फर्नीचर की मांग अधिक है। इसका एक कारण यह भी है कि कई हाई क्वालिटी प्रोडक्ट ऑफलाइन कम ही मिल पाते हैं। अर्मोनिया होम में वॉल स्टोरीज, कारपेट, डेकोरेटिव वॉटर फाउंटेन, कुशन, झूमर, 2डी और 3डी पेंटिंग, बेड कवर, कॉफी टेबल, केंडिल होल्डर, फुट मैट, टेबल मैट, दीवार घड़ियां और शानदार सोफे, कुर्सियों से लेकर डिजाइनर डाइनिंग टेबल और बेडरूम सेट तक, लेदर, संगमरमर और लकड़ी जैसी हाई क्वालिटी वाले फर्नीचर यहां उपलब्ध हैं।

## व्यसन से दूर रहने का संदेश दिया



भोपाल। गायत्री परिवार भोपाल द्वारा गृहे गृहे गायत्री यज्ञ की श्रंखला के अंतर्गत आज चित्रकूट फेज 2 राशला खेड़ी भोपाल के 24 घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ इसके पूर्व जन जागरण रैली के माध्यम से कॉलोनी के बच्चे और परिजनों ने नशा भारत छोड़ो अभियान के अंतर्गत व्यसन से दूर रहना, वृक्षारोपण एवं पानी बचाने का संदेश दिया।

# बीडीए अध्यक्ष बनने पर कृष्ण मोहन सोनी का व्यापारियों ने किया सम्मान

**भोपाल।** किराना व्यापारी महासघ के महासचिव अनुपम अग्रवाल ने बताया कि भोपाल विकास प्राधिकरण बीडीए का अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी को बनाये जाने पर उनके निवास स्थान पर भोपाल किराना व्यापारी महासघ के पदअधिकारियों एवम सदस्यों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान कर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर भोपाल किराना व्यापारी महासघ के महासचिव अनुपम अग्रवाल, शीलचंद लचकिया,सुनील सिघाई, सखावत रॉय,प्रीतम दास,अपूर्व पवैया ,शंकर सचदेव, कृष्ण कुमार बागड़, शैलेन्द्र लचकिया, ईश्वरदास संगतानी,किशोर परियानी, महेंद्र मोता,किशोर राजदेव, जयपाल दास, डॉ अतुल सिघाई,हेमन्त अग्रवाल, एवं अन्य व्यापारी उपस्थित थे ।



## एसवी लेसिक लेजर सेंटर का शुभारंभ

**भोपाल।** राजधानी के शाहपुरा में एस वी लसिक लेजर सेंटर का शुभारंभ आज मेडिकल शिक्षा मंत्री चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग द्वारा किया गया सेंटर के संचालक डॉ वीके निचलानी ने बताया कि सेंटर पर मध्य भारत के सर्वोत्तम नेत्र विशेषज्ञ द्वारा उपचार किया जाता है एसवी लेसिक लेजर सेंटर का उद्देश्य मध्य भारत में दृष्टि दोष सुधार के क्षेत्र में ऐसी तकनीकी क्रांति लाना है जिसमें वह कांटेक्ट लेंस पर निर्भरता में कमी ला सके या इसे पूरी तरह समाप्त कर सकें इस सेंटर पर अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध है डॉक्टर परितोष निचलानी ने बताया कि भोपाल में सेंटर की तीसरी ब्रांच है गांधी मेडिकल कॉलेज के सामने एवं स्टेट बैंक चौराहा पर स्थित सेंटर पर हम सेवाएं देते रहे हैं

## निगमायुक्त ने राजस्व वसूली व समाधान शिविरों का किया निरीक्षण

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त द्वारा सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य करों/शुल्कों की वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर जोन/वार्ड कार्यालय व राजस्व वसूली एवं समाधान शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त रविवार को प्रातः एवं दोपहर बाद जोन 1 के वार्ड 4 के संजय नगर, जोन 20 के वार्ड 2, जोन 10 के वार्ड 50, जोन 13 के वार्ड 52 स्थित लक्ष्मी परिसर फेस-2, जोन क्रमांक 18 के वार्ड क्रमांक 84 स्थित इंडस टाउन आदि में राजस्व वसूली कार्य का निरीक्षण किया और शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने हेतु राजस्व वसूली कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से करने तथा घर-घर जाकर करदाताओं को करों की अदायगी हेतु प्रेरित करने, कर जमा न करने वालों के नोटिस तामिल करने अथवा नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त चैधरी रविवार को विभिन्न जोन, वार्ड कार्यालयों एवं वार्ड क्षेत्रों में लगे राजस्व वसूली व समाधान केन्द्रों का निरीक्षण किया और राजस्व वसूली संबंधी कार्यवाही सहित नोटिस तामिली, आपत्ति निराकरण, बकायेदारों के विरूद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने इस दौरान जोन, वार्ड शिविरों में करदाताओं से भी चर्चा की और अन्य लोगों को भी करों की अदायगी हेतु प्रेरित करने के साथ ही 31 मार्च 2023 तक हर हाल में करों की अदायगी करने अन्यथा संपत्ति की कुर्की, नीलामी व स्वयं के उपयोग की संपत्ति पर दी जाने वाली रियायत से वंचित किये जाने संबंधी समझाइश देने को भी कहा।

# 2 घंटे में साफ किया जम्बूरी मैदान व आसपास का क्षेत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर की नियमित साफ-सफाई के साथ ही बड़े आयोजनों के उपरांत अत्यंत अल्प समय में आयोजन स्थलों व आसपास के क्षेत्रों एवं मार्गों की सफाई करने का क्रम निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में रविवार को फिर निगम के सफाई अमले ने शहर की स्वच्छता के प्रति अपनी तत्परता व समर्पण भाव का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान के मुख्य आतिथ्य व नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों एवं महापौर मालती राय व निगम परिषद अध्यक्ष किषन सूर्यवंषी की विषेष उपस्थिति में भेल के जम्बूरी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम की समाप्ति के 2 घण्टे के भीतर जम्बूरी मैदान सहित आसपास के क्षेत्रों एवं मार्गों की सफाई कर 11 टन कचरा निकालकर निष्पादन स्थल पहुंचाया।

महापौर मालती राय एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चैधरी द्वारा मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाए रखने के निर्देषों के परिपालन में निगम के सफाई अमले द्वारा जम्बूरी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शुभारंभ कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई हेतु पूर्व से तैयारी की गई थी जिसमें



कार्यक्रम के प्रारंभ होने के पूर्व ही पंडाल, पार्किंग क्षेत्र एवं पहुंच मार्गों की सफाई के साथ ही चूना लाइन के माध्यम से संकेतक बनाने का कार्य पूर्ण किया गया था। कार्यक्रम के उपरांत निगम के सफाई अमले के 400 सफाई मित्रों ने तत्परतापूर्वक साफ सफाई एवं कचरा एकत्रीकरण का कार्य किया और मात्र 02 घंटे में समूचे जंबूरी मैदान सहित समस्त पहुंच मार्गों व आसपास के स्थलों की सफाई करते हुए 11 टन कचरा 10 डंपर, 08 कंटेनरों व मैजिक वाहनों के माध्यम से निष्पादन स्थल /एमआरएफ पहुंचाने का कार्य किया। निगम द्वारा आयोजन स्थल पर अलग अलग सेक्टरों में पंडाल के अंदर 60 डस्टबिन रखे गये थे और चलित शौचालयों सहित पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था भी की गई थी। निगम द्वारा जम्बूरी मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी सहित सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी जिन्होंने अपनी निगरानी में उक्त कार्य संपन्न कराया।







## रंगोत्सव के पर्व होली के रंग में रंगे बाजार, रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर लग रही भीड़

**भोपाल।** रंगोत्सव के त्यौहार होली पर्व को लेकर बाजार में हर जगह रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई है। इस पर्व को लेकर कुछ आकर्षक पिचकारियां भी आई है जो बच्चों को खूब पसंद आ रही है। इन दुकानों पर खरीदी करने वालों की भीड़ भी जुटने लगी है। लोग भी पर्व के उत्साह को लेकर इन दुकानों पर पहुंच रहे है।



# कोलार सिक्सलेन और मेट्रो का 50 प्रतिशत कार्य होने का दावा, हुआ नहीं 25 प्रतिशत भी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

ह्याजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय संयोजक एमके सक्सेना का कहना है कि कैसे 2023-24के चुनाव पूर्व 8 माह में कोलार भोपाल 222 करोड़ की सिक्स लेन,मेट्रो का कार्य पूरा होगा सवालिया प्रश्न लगा है? शासकीय दावे किए जा रहे हैं कि कोलार सिक्सलेन,मेट्रो का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है,यदि जांच-पड़ताल की जाय तो पता चलेगा 25 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हुआ है। कोलार की सड़कों के दोनों और ऊबड़-खाबड़ दिखेगा,मेट्रो के गड्डे नहीं खुदे हैं,पिलर कैसे खड़े होंगे,कार्य मैं ढिलाई देख मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नाराज हैं, उनकी इस नाराजगी का,क्या कुछ असर होगा,सवालिया प्रश्न लगा है?

कोलार के सर्वधर्म ए,बसीडी सैक्टर के मोहोल्लों, गलियों, सड़कों पर गंदगी का अंबार है,नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है,सड़कों पर गड्डे हैं,चारों और कीड़े-मकोड़े,जीव-जन्तु,सूअरों की बड़ित फोज, मच्छर भिनभिनाते रहते हैं,जिससे कोरोना, ओमिक्रोन एवं विभिन्न बीमारियां उपजती रहती हैं,लोग परेशान रहते हैं,कोलार सिक्सलेन,मेट्रो के भूमि पूजन के समय मुख्यमंत्री ने कहा था एक माह मैं उक्त अव्यवस्थाएं दुरुस्त होजाएंगी,लेकिन तीन माह से अधिक का समय हो गया,आजतक अव्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुई हैं,इसे लेकर कोलार रहवासियों मैं नाराजगी एवं आक्रोश व्याप्त है,क्या अव्यवस्थाएं जल्द सुधरेंगी,सवालिया प्रश्न लगा है?

## समाजसेवी विकास पचौरी ने आयोजित किया अनूठा

**भोपाल।** विगत 9 फरवरी से लगातार मौन साधन कर रहे समाजसेवी विकास पचौरी ने रविवार को एक अनूठा और नया प्रयोग करते हुए स्थानीय जालोरी गार्डन में मौन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति पूरे कार्यक्रम के समय मौन रहा। यहां विकास पचौरी द्वारा लिखी गई ओम साधना एवं सेवा साधना किताब का विमोचन भी हुआ। जिसे सभी आमंत्रित अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सभी ने कुछ समय का जाप भी किया। विकास पचौरी ने बताया कि ओम जाप एवं मौन रहने के लाभ की जानकारी को प्रत्यक्ष अनुभव कराने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर के कई नागरिक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।



## हिंदी लेखिका संघ का 28वां वार्षिक उत्सव एवं कृति पुरस्कार समारोह हुआ




**भोपाल।** हिंदी लेखिका संघ का 28 वा वार्षिक उत्सव एवं कृति पुरस्कार समारोह गत रविवार हिन्दी भवन के रवीन्द्र सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शीला दाहिमा अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल,अध्यक्ष डॉ नुसरत मेहदी निदेशक उर्दू साहित्य अकादमी ,विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी म. प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ,सारस्वत अतिथि डा रामवल्लभ आचार्य अध्यक्ष म.प्र. लेखक संघ थे। डॉ. नुसरत मेंहदी ने कहा कि महिलाओं ने अपने हक की जमीन खुद तैयार की है.लेखन के क्षेत्र में महिला रचनाकारों ने अच्छा मुकाम हासिल किया है। आज स्वतंत्र होकर वह अपनी अभिव्यक्ति कर रही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शीला दाहिमा ने कहा उम्र को हराने वाले लोग जब लिखते है तो उत्साह , उमंग व प्रेरणा मिलती है।जब व्यक्ति स्वयं को अभिव्यक्त करता है तब वह लिखता है। विशेष अतिथि लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ रामवल्लभ आचार्य ने कहा कि मातृशक्ति हमारे जीवन की अभिन्न अंग है। आजकल का लेखन ऐसा है जिसमें बहुत लिखा जा रहा है। पर लेखन में गुणवत्ता होना चाहिए। इस के पूर्व कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य अध्यक्ष डॉ कुंकुम गुप्ता ने दिया। वार्षिक प्रतिवेदन संघ की सचिव डॉ वर्षा चौबे ने प्रस्तुत किया। आभार डा साधना गंगराड़े ने दिया।

सारस्वत अतिथि प्रोफेसर सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने कहा कि हमें अपना कार्य करते रहना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति का अपना दृष्टिकोण होता है, वो जिस भाव से देखे। इस मौके पर लेखिका संघ की स्मारिका सर्जना का विमोचन किया गया जो साहित्यकार रांगेय राघव के कृतित्व व व्यक्तित्व पर केंद्रित है। साथ ही इस वर्ष बाल कहानियों का साझा संकलन सतरंगी बाल कहानियां का विमोचन भी हुआ। वर्ष 2022 के कृति पुरस्कार एवं सम्मान का वितरण किया गया।

## त्यौहार पर 3 दिन में लिए एक सौ खाद्य पदार्थों के नमूने

**भोपाल।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश उपरांत भोपाल में भी 3 दिवस में 100 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानो की जांच की जा चुकी है एवं लगातार जांच कर 100 से अधिक दूध व दूध से बने उत्पादों के नमूनों की सैम्पलिंग की जा चुकी है। अवकाश के दिनों में कार्यवाही जारी है। आयुक्त सुदाम खाड़े के सभी कलेक्टर को लिखे पत्र के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर तीन में ही 12 सौ से अधिक सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे है। प्रदेश की गई करवाई का विवरण इस प्रकार है। मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत दूध के शुद्धिकरण अभियान में मात्र 3 दिवस में 1243 नमूनों की जांच के लिए नमूने लिए जा चुके है । जांच हेतु लिये गये दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूनों की संख्या (लीगल सर्विलेंस, एम.एफ.टी.एल. मैजिक, दूध,मावा, पनीर, जप्त किये गये दूध एवं दूध उत्पाद 624 किलो मावा जप्त बर्फी, मिल्क केक मूल्य 74,880 रुपये है। पूर्व में इसी प्रकार की कर्रवाई में 1 माह में औसतन 1200 नमूने जांच हेतु लिए जा रहे थे ।

## होलिका दहन के लिए लकड़ी खरीदने के लिए 9 केंद्र बनाए गए

**भोपाल ।** शहर के रहवासियों को होली पर्व के लिए 9 स्थान पर अस्थाई लकड़ी विक्रय केन्द्रों से सशुल्क जलाऊ लकड़ी उपलब्ध होगी। वन संरक्षक सामान्य वन मण्डल भोपाल श्री आलोक पाठक ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थान पर स्थापित 9 विक्रय केन्द्र पर कुल 125 क्विंटल जलाऊ लकड़ी उपलब्ध रहेगी, जिसे आमजन 7 मार्च को सुबह 10 से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। इन अस्थाई विक्रय केन्द्र पर वनपाल, उप वनपाल और वन रक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

व्याख्यानमाला में बोले पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

# भारत में एक साथ सभी चुनाव कराने में निहित स्वार्थ बाधक: रावत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव होने से काफी धन और समय की बचत होगी। लेकिन राजनीतिक क्षेत्र के कुछ निहित स्वार्थ इसे रोकना चाहते हैं। यही वजह है कि आजकल इसकी चर्चा ही बंद हो गई है। जनता को इसके लिए दबाव बनाना चाहिए। रावत माधवराव स्प्रे समाचार पत्र संग्रहालय में एक देश एक चुनाव विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। इसका आयोजन भुवन भूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति ने किया था।

समिति ने इस अवसर पर सागर के पत्रकार डॉ. रजनीश जैन को राज्य स्तरीय भुवन भूषण देवलिया पुरस्कार से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता सप्रे संग्रहालय के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार विजय दत्त श्रीधर ने की। श्रीवास्तव ने हाल में आए सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बारे में टिप्पणी की जिसमें चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाने की बात कही गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि इससे एक चुनाव का मामला अब और दूर की कौड़ी हो गया है। श्रीधर ने चुनाव सुधार के लिए कई मौलिक सुझाव दिए और कहा कि चुनाव कोई भी कराए, उसकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर इनकी तटस्थता और सर्वग्राह्यिता निर्भर करती है। विषय की भूमिका रखते हुए पत्रकार शिवकुमार विवेक ने कहा कि देवलिया की स्मृति आंचलिक पत्रकारिता की प्रतिष्ठा का अनुष्ठान है। वे व्यावहारिक पत्रकारिता की एक संस्था थे। आजादी के अमृतकाल और पत्रकारिता के पतनकाल में ऐसी संस्थाओं की खोज कर उन्हें प्रतिष्ठित करना चाहिए। कार्यक्रम में पत्रकार सतीश एलिया की पुस्तक पत्रकारिता का धर्म और व्याख्यानमाला की स्मारिका का विमोचन किया गया।

## अल्कापुरी कम्यूनिटी हाल में नि:शुल्क कैंसर जांच, उपचार एवं परामर्श शिविर का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



शहर के जाने माने कैंसर शल्य चिकित्सक डॉक्टर राहुल अग्रवाल एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिल बंसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भेल अग्रवाल के अध्यक्ष श्री राम किशन गुप्ता, महिला मंडल की प्रतिनिधि प्रमोद बंसल, निशा गुप्ता और ललिता मनिया उपस्थित रहे। डॉक्टर राहुल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन मै महिलाओं के आम स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर के शीघ्र निदान, इलाज और रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी जानकारी दी तथा उपस्थित महिलाओं की जिज्ञासा भरे प्रश्नो का गंभीरता से उतर दे कर संतुष्ट किया। डॉक्टर अखिल बंसल ने अपने उद्बोधन मै अस्थियों के कैंसर की निदान और रोकथाम की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष निमंत्रित कैंसर योद्धाओं ने अपने कैंसर की बीमारी को जीतने के अनुभवों को साझा किया, मुख्य रूप से श्रीमती उर्मिल गुप्ता ने 2004 से 2022 के दरमियान अपने लासिका तंत्र के कैंसर को तीन बार मात देने के अनुभवों को विस्तार से बताया साथ ही नगर से सम्मानित अपने द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के कार्यो की भी विस्तृत जानकारी दी जिसका सभी अतिथियों और श्रोताओं ने खड़े होकर अभिवादन किया। प्रोग्राम के समापन पर सभी मुख्य अतिथियों तथा वक्ताओं को महिला प्रतिनिधियों के द्वारा पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# एम्स के डॉ. अनुराग पाटीदार को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर अवार्ड प्रदान किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




डॉ. अनुराग भाई पाटीदार, सह प्राध्यापक, नर्सिंग कॉलेज, एम्स भोपाल को शासकीय नर्सिंग शिक्षण संस्थान, बम्बोलिम, गोवा में दिनांक 24 से 26 फरवरी 2023 तक आयोजित इंडियन सोसाइटी ऑफ साइकियाट्रिक नर्सेज के 22वें वार्षिक सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर अवार्ड प्रदान किया गया । उनके शोध पत्र का शीर्षक मध्य भारत के तृतीयक देखभाल अस्पताल में अग्रिम पंक्ति के कॉविड योद्धाओं में चिंता और अवसाद था । इस अध्ययन में पाया गया कि 8.69 प्रतिशत और 4.34प्रतिशत कोविड योद्धाओं ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान क्रमश: अवसाद और चिंता का अनुभव किया । इस सम्मेलन का उद्घाटन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के साथ डॉ. टी. दिलीप कुमार, अध्यक्ष, भारतीय नर्सिंग परिषद और डॉ. के. रेडेम्मा, पूर्व प्राध्यापक सह प्राचार्य, निमहनास, बैंगलोर ने किया । कोविड महामारी के दौरान नर्सों की भूमिका को गोवा के मुख्यमंत्री ने खूब सराहा । इस दौरान इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि इस तरह की महामारी की स्थितियों के दौरान उनको भी मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है । इस सम्मेलन में भारत के 24 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया । यह सम्मेलन मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में नर्सों की भूमिका - जीवन काल दृष्टिकोण विषय पर केंद्रित था । सम्मेलन के दौरान स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण में परिवार और समाज की भूमिका, घरेलू हिंसा की रोकथाम, मध्य जीवन संकट और वृद्धावस्था में बेहतर जीवन जीने से संबंधित सत्र भी आयोजित किए गए।

## प्रारंभ होने जा रही अभिनव उपचार पद्धति सुविधा

एम्स में रोगी देखभाल और अनुसंधान के लिए आरटीएमएस(रिपिटेटिव ट्रांसक्रानियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन) की अभिनव उपचार पद्धति सुविधा प्रारंभ होने जा रही है। एम्स, भोपाल में, एस.ई.आर.बी. (विज्ञान और शिक्षा अनुसंधान बोर्ड) भारत द्वारा डॉ. संतोष वाकोड़े प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी को बाह्य वित्त पोषित अनुसंधान योजना के तहत स्वीकृत हाई एंड आरटीएमएस उपकरण की खरीद की गई है। एम्स, नई दिल्ली के बाद उपलब्ध यह अपनी तरह का पहला लैब सेटअप और उपकरण होगा। यह रोगी देखभाल और अनुसंधान के लिए उपचार की अभिनव सुविधा है। यह विभिन्न प्रकार के न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे स्ट्रोक, पार्किंसंस माइग्रेन, टिनिटस और न्यूरोपैथिक दर्द, अवसाद, चिंता, एडीएचडी, व्यवहार संबंधी विकारों और बाइपोलर विकारों जैसे मानसिक विकारों के लिए और पुराने दर्द के पुनर्वास और प्रबंधन के लिए डिजाइन किए गए मस्तिष्क के लिए गैर-इनवेसिव चुंबकीय उत्तेजना है। इस उपकरण को जल्द ही फिजियोलॉजी विभाग एम्स भोपाल में स्थापित कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

स म्पा द की य

# विवादों की चैम्पियनशिप

रतलाम में हुई नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप को लेकर विवाद शुरू हो गया है। दूसरों के आयोजनों के खिलाफ प्रदर्शन करने और बयान देने वाले संगठन आयोजन के समर्थन में खड़े दिखाई दे रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और शहर के महापौर पर सनातन धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है। बजरंग बली की मूर्ति के सामने महिला बॉडी बिल्डर का अश्लील प्रदर्शन हुआ। और सनातम धर्म व संस्कृति का दम भरने वाले लोग सोशल मीडिया पर इसके खिलाफ पोस्ट डालने वालों के पर मामला दर्ज कराने थाने पहुंच गए।

असल में रविवार को 13वीं जूनियर मिस्टर इंडिया-2023 राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता प्रहलाद पटेल ऑर्गेनाइजिंग कमेटी और रतलाम बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित थी। इसमें सह आयोजक युवक कल्याण एवं खेल मंत्रालय था। प्रतियोगिता रविवार रात नौ बजे तक चली। इसमें महापौर प्रहलाद पटेल और उनकी टीम भी एक्टिव थी। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन और हनुमान जी पूजा से महापौर ने की। स्पर्धा के दौरान मंच पर हनुमान जी की मूर्ति रखी हुई थी। चैम्पियशिप में शामिल हुईं महिलाओं ने मूर्ति के सामने आपत्तिजनक कॉस्ट्यूम और सैंडल पहनकर प्रदर्शन किया, इसको लेकर विरोध भी हुआ। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध किया। हिंदू जागरण मंच ने महापौर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात कही है।

रतलाम बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन से जुड़े भाजपा नेता और कार्यकर्ता औद्योगिक थाने पहुंच गए। सोशल मीडिया पर आयोजन के खिलाफ पोस्ट डालने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। भाजपा नेताओं का कहना है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने की पोस्ट डाली गई हैं। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को हाथों हाथ लेते हुए विरोध शुरू कर दिया है। प्रतियोगिता में भाजपा के महापौर और नेताओं की सक्रियता को निशाना बनाते हुए युवक कांग्रेस ने सोमवार को 11 बजे विधायक सभागृह को गंगाजल से होकर पवित्र करने और हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने की घोषणा कर दी। कांग्रेस नेता पारस सकलेचा का कहना है, रतलाम में हुए इस आयोजन से प्रदेश का सिर शर्म से झुक गया है। आयोजन में अश्लीलता परोसी गई। यह शर्मनाक है।

आयोजन को लेकर विवाद भोपाल तक पहुंच गया है। लेकिन सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी के नेता फिलहाल इस मामले में खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। दूसरी तरफ हिंदू जागरण मंच और विपक्ष में बैठी कांग्रेस ने भोपाल तक इस आयोजन की खिलाफत की है, मामला और बढ़ने की संभावना है। सवाल यह उठता है कि यदि कोई और संगठन ऐसा आयोजन, वो भी हनुमानजी की फोटो के सामने करता तो सत्ता में बैठी पार्टी के लोग सड़क पर उतर आते। बजरंग दल जैसे संगठन तो तोड़फोड़ तक कर डालते हैं।

लेकिन रतलाम में ये खुद आयोजक रहे या आयोजकों का साथ दे रहे हैं। केवल साथ ही नहीं दे रहे, अपितु आयोजन के दौरान कथित अश्लीलता के प्रदर्शन को सही बताते हुए दूसरों पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने का अरोप लगा रहे हैं। आपत्तिजनक क्या केवल दूसरे कार्यक्रम करते हैं, तभी होता है? क्या संस्कृति का अपमान और फूहड़ता का प्रदर्शन तथाकथित धर्म के ठेकेदार ही कर सकते हैं? दूसरा करे तो गलत, स्वयं करें तो सही? सवाल तो उठते हैं, उठते रहेंगे।




# आतंकवादियों को फांसी: तत्कालीन एसपी की बहादुरी का सम्मान

**सुरेश तिवारी**



6 साल पहले भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में हुए धमाकों में कई लोग घायल हुए थे। 2017 की इस घटना में नौ आतंकवादी शामिल थे और एक नियोजित षड्यंत्र के तहत इस ट्रेन में विस्फोटक प्लांट किए गए थे। इस घटना में शामिल एक आतंकवादी को तो पुलिस ने एनकाउंटर में मार दिया था। बाकी बचे 8 आतंकवादियों में से 7 को पिछले हफ्ते लखनऊ की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई और एक को आजीवन कारावास की सजा दी। दरअसल, इस केस को पुख्ता बनाने में सबसे बड़ी भूमिका थी होशंगाबाद के तत्कालीन एसपी आशुतोष प्रताप सिंह की।

7 मार्च 2017 को उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में आतंकवादियों ने धमाका किया था। उसके बाद आतंकवादी भागकर पिपरिया आ गए। इस बात की जानकारी तत्कालीन एसपी को मिली और फुलप्रूफ योजना बनाई गई। उनके नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने तीन आतंकवादियों को दोपहर 3 बजे चलती बस से पकड़ लिया। जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने सब कुछ उगल दिया। पकड़े गए इन आतंकवादियों ने अपने साथियों का पता बताया जिसके बाद यूपी की एटीएस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ कोर्ट ने पिछले सप्ताह इन सभी आठ आतंकवादियों को सजा दी। इस ऑपरेशन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका जिन लोगों की थी, उनमें एसपी आशुतोष प्रताप सिंह के अलावा इंस्पेक्टर देवेंद्र चंद्रवंशी थे, जो अब स्वर्गीय हो गए। इसके अलावा तत्कालीन लवकुश शर्मा ने भी अपने अदम्य साहस का परिचय दिया था। इटारसी में पदस्थ एसडीओपी चौहान, थाना प्रभारी राम सनेही चौहान भी इस ऑपरेशन का हिस्सा थे।

तत्कालीन एसपी आशुतोष प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस बल को मिली इस सफलता पर कई सम्मान समारोह भी हुए। माधव ज्योति अलंकरण में भी जिला पुलिस बल की टीम को सम्मानित किया था। लेकिन, तत्कालीन एसपी आशुतोष प्रताप सिंह ने तब कहा था कि असली सम्मान उस दिन होगा जिस दिन इन आतंकवादियों को फांसी की सजा होगी। उनका भरोसा सही भी निकला। 9 में से एक तभी मार दिया गया था। बाकी 8 को अदालत ने सजा सुना दी।

**कुछ ऐसे काम जो गोपाल रेड्डी की मुसीबत बने!**

मध्यप्रदेश के पूर्व चीफ सेक्रेटरी एम गोपाल रेड्डी किसी भी समय गिरफ्तार किए जा सकते हैं। मनी लांड्रिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गोपाल रेड्डी की अग्रिम जमानत खारिज कर दी। अब कोई ऐसा रास्ता नहीं बचा कि गोपाल रेड्डी उसकी आड़ ले सकें। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी के हाथ कुछ ऐसे सबूत लगे हैं, जो उनकी गिरफ्तारी का कारण बन सकते हैं। बताया गया कि ईडी की रिपोर्ट में जल संसाधन विभाग के ठेके लेने वाली हैदराबाद की कंपनी मोंटेना के निजी प्लेन में अकसर गोपाल रेड्डी घूमा करते थे। उन्होंने अपने बेटे को हवाला के जरिए इस कंपनी से विदेशी मुद्रा भी भिजवाई थी। यह उस समय की बात है, जब गोपाल रेड्डी जल संसाधन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव थे। उसी दौरान प्रदेश में ई-टेंडर घोटाला सामने आया और इसे लेकर ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज किया गया था। उन्हीं जानकारियों के आधार पर ईडी ने भी मामला केस दर्ज कर लिया था! अब गोपाल रेड्डी की गिरफ्तारी की तैयारी है। सितंबर 2020 में रिटायरमेंट तक सब कुछ नॉर्मल था। लेकिन, तब तक ईओडब्ल्यू ने इस घोटाले के दस्तावेज ईडी को सौंप दिए थे।



गोपाल रेड्डी की मुश्किलों का असल दौर तब शुरू हुआ, जब ईडी ने रेड्डी के रिटायरमेंट के 3 महीने बाद 15 दिसंबर को उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज दर्ज किया। इसके बाद उनके हैदराबाद स्थित बंजारा हिल्स के मकान और मोंटेना सहित कई कंपनियों के ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में ऐसे डिजिटल सबूत हाथ लगे जिससे गोपाल रेड्डी ईडी के चंगुल से मुक्त नहीं हो सके हैं।

**अविश्वास प्रस्ताव पर 47 कांग्रेस विधायकों के दस्तखत नहीं!**



कांग्रेस में अंदरूनी कलह के हालात कई दिनों से बन रहे हैं। अब ये कलह सतह पर आने लगी है। बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के निलंबन ने पार्टी की इस कलह को उजागर भी कर दिया। जीतू पटवारी के निलंबन के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में कांग्रेस की एकजुटता टूटती दिखाई दी।

कांग्रेस की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के सिर्फ 48 विधायकों ने दस्तखत किए हैं। जबकि, 47 विधायकों ने अविश्वास प्रस्ताव में दस्तखत नहीं किए। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत कई विधायक उस दिन सदन से भी नदारद रहे। इसे बॉयकॉट समझा जाए या कांग्रेस की गुटबाजी, ये तो आने वाले वक्त में पता चलेगा। पर, अंदर जो चल रहा है, वो दिख भी रहा है।

जीतू पटवारी के निलंबन के बाद कई कांग्रेसी विधायक उनके आवास पर पहुंचे! तय हुआ है कि 13 या 14 मार्च को कांग्रेस प्रदेश में बड़ा आंदोलन करेगी। कमलनाथ से बात करने के बाद तारीख तय होगी। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि बड़े आंदोलन की तैयारी करों। हम ईंट से ईंट बजा देंगे।

**'आप' के ठंडे पड़े चुनाव अभियान को हवा देने की कोशिश!**



मध्यप्रदेश में नगर निगम चुनाव के समय बहुत ज्यादा सक्रिय दिखाई देने वाली और एक जगह महापौर का चुनाव जीतने वाली 'आम आदमी पार्टी' (आप) की सक्रियता ठंडी पड़ गई। अब पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए उतनी मुस्तैदी से काम करती दिखाई नहीं दे रही, जितना उसे होना चाहिए। बताते हैं कि इसके पीछे मूलत: दो कारण हैं, जिस कारण 'आप' का मध्यप्रदेश फ़तह का अभियान ठंडा पड़ गया।

एक कारण तो यह कि दिल्ली सरकार के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया इन दिनों जेल में है। उनकी रिमांड अवधि भी हाल ही में फिर बढ़ा दी गई। इस कारण आप पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां अपेक्षाकृत ठंडी पड़ गई। दूसरा बड़ा कारण यह बताया जा रहा कि मध्य प्रदेश की 'आप' पार्टी की प्रदेश इकाई को पार्टी के केंद्रीय संगठन ने भंग कर दिया था। उसके बाद प्रदेश के सारे 'आप' नेता भूतपूर्व हो गए। अभी कोई भी ऐसा पदाधिकारी नहीं है, जो पार्टी की गतिविधियों का झंडा थाम कर आगे चल सके। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहा पार्टी का कामकाज ठंडा पड़ गया। ऐसे में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी ने उसे और ठंडा कर दिया। अब जो बयानबाजी चल रही है, वह पार्टी की भंग इकाई के नेता ही पार्टी को जिंदा रखने के लिए कर रहे हैं।

पार्टी ने 14 मार्च को भोपाल में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान के नेतृत्व में पहली चुनावी सभा का एलान भी किया है। पार्टी का यह भी कहना है कि पार्टी का सदस्यता अभियान भी जारी है। लेकिन, प्रदेश की नई इकाई मार्च के अंत तक ही आकार लेगी।

**आदिवासियों में क्यों धड़कता है कमिश्नर का दिल?**



शहडोल कमिश्नर राजीव शर्मा की गिनती बेहद संवेदनशील और सजग ब्यूरोक्रेट में होती हैं। वे अच्छे और जाने-माने लेखक भी हैं। उनकी सक्रियता सरकारी कामकाज के अलावा सोशल मीडिया पर भी अक्सर दिखाई देती है। उन्हें नजदीक से समझने वाले उनमें और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान में एक समानता देखते हैं।

वैसे तो किसी राजनेता और ब्यूरोक्रेट में कोई समानता होने की बात नहीं कही जा सकती, लेकिन इन दोनों का दिल आदिवासियों के लिए एक जैसा धड़कता है। मुख्यमंत्री भी आदिवासियों के प्रति बेहद संवेदनशील और गंभीर नजर आते हैं। वही स्थिति राजीव शर्मा की भी है। वे भी अक्सर बैगा आदिवासियों के बीच दिखाई देते हैं। हाल ही में आयोजित बेगा उत्सव में वे जिस तरह आदिवासियों के बीच गले में ढोल लटका कर थिरके वह कुछ नया संदेश दे रहा था। उत्सवों और कार्यक्रमों में जनजाति के प्रति उनका लगाव और सरकारी योजनाओं में भी उनको ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की कोशिश, यह सब भी अलग संदेश देने के लिए काफी है।

वैसे देखा जाए तो किसी कमिश्नर के लिए यह एक प्रशासनिक कार्य और उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन खबर खोजियों का कहना है शायद राजीव शर्मा ये सब भविष्य की तैयारियों के तहत कर रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद ये तैयारियां किस तरह काम आएगी, यह समय बताएगा?

**नरेंद्र सिंह तोमर और गृह प्रदेश के पीएस**



मध्य प्रदेश के बड़े भाजपा नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का कद मोदी सरकार में भी काफी वजनदार है। पिछले नौ सालों में उनके चार निजी सचिव रहे। इनमें से तीन मध्य प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी रहे। सबसे पहले निकुंज श्रीवास्तव फिर नवनीत मोहन कोठारी और वर्तमान में तेजस्वी नायक उनके पी एस हैं। तोमर के तीसरे पी एस छत्तीसगढ़ काडर के मुकेश कुमार थे। तोमर मोदी सरकार के एक मात्र ऐसे मंत्री है जिन्हें गृह प्रदेश के काडर के ही पी एस मिले।

**दो मामलों को लेकर सत्ता के गलियारों में रही गहमागहमी**

सुप्रीम कोर्ट ने बीते सप्ताह दो महत्वपूर्ण फैसले सुनाए जिन्हें लेकर सत्ता के गलियारों में काफी गहमागहमी रही। निर्वाचन आयोग की नियुक्ति संबंधी रुलिंग को लेकर जहां अफसरशाही के तीखे तेवर देखने को मिले वहीं अडानी मामले की जांच को लेकर बनाई गई विशेषज्ञों की समिति को लेकर भी गलियारों में बेचैनी देखने को मिली। हालांकि एक वर्ग ऐसा भी था जो अदालत के फैसले से खुश है। अब सबकी नजर सरकार के अगले कदम की ओर है।

**राहुल के बयान को लेकर चल रही है बहस**



राजधानी दिल्ली के सत्ता और राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भारत के बारे में दिए गए बयान को लेकर बहस चल रही है। कई लोग तो इसे विशुद्ध राजनीतिक बयान बता कर ज्यादा तवज्जो नहीं देने की सलाह दे रहे हैं। गलियारों में इस बात की भी आशंका है कि कांग्रेस के कुछ खास नेताओं के बारे में जल्दी ही कोई विशेष खबर आ सकती है। फिलहाल तो इंतजार करो के फार्मूले का ही पालन करना पडेगा।

**एसएसबी को मिली महिला मुखिया**

केंद्रीय अर्धसैनिक बल एसएसबी को आखिर नया मुखिया मिल गया। महाराष्ट्र काडर की 1988 बैच की आई पी एस अधिकारी रश्मि शुक्ला एस एस बी की नयी डी जी बनाई गई है। इसके पहले वे सीआरपीएफ मे विशेष महानिदेशक थीं। यह बल नेपाल और भूटान से लगी सीमा की सुरक्षा करता है।

# राज-काज: मंत्रिमंडल के दावेदारों को मिली फिर नई तारीख

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अचानक दिल्ली जाकर



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले तो मंत्रिमंडल में फेरबदल की चचाएं तेज हो गई थीं। हमेशा की तरह मीडिया बताने लगा कि विधानसभा के बजट सत्र से पहले राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल होने वाला है। हटने और शामिल होने वाले मंत्रियों की संख्या भी बता दी गई। पर नतीजा वही 'ढाक के तीन पात'। मंत्री पद के दावेदारों को 'तारीख पर तारीख' मिल रही है लेकिन नतीजा सिफर है।

अब खबर है कि बजट सत्र के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल का काम होगा। इसमें उन मंत्रियों की छुट्टी की जाएगी, भाजपा की आंतरिक रिपोर्ट में जिन पर हार का खतरा मंडरा रहा है। उनकी जगह क्षेत्रीय एवं जातीय संतुलन साधते हुए मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाएगा। निर्णायक मंडल में शामिल पार्टी के एक पदाधिकारी का कहना था कि फेरबदल चूंकि चुनाव से ठीक पहले हो रहा है, इसलिए मंत्रिमंडल में जगह नेताओं का चेहरा देखकर नहीं दी जाएगी। निर्णय विधानसभा चुनाव में लाभ को ध्यान में रख कर लिया जाएगा। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित भाजपा के अन्य बड़े नेताओं को भरोसे में ले लिया गया है। सिंधिया का जिक्र इसलिए जरूरी है क्योंकि उनके समर्थकों की वजह से मंत्रिमंडल में संतुलन नहीं है। फेरबदल में इस कमी को दूर किया जाएगा।

**लोकसभा का अनुसरण कर टाल सकते थे विवाद**

हंगामे की भेंट चढ़ना मध्यप्रदेश विधानसभा की नीयति बन गई है। सदन के अंदर गुरुवार-शुक्रवार को जो हुआ, साफ है कि बजट जैसा महत्वपूर्ण सत्र भी खत्म होने की ओर अग्रसर



है। यह स्थिति कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के निलंबन के बाद निर्मित हुई। स्पीकर और सत्तापक्ष चाहते तो इस मामले का पटाक्षेप लोकसभा की तर्ज पर कर सकते थे। लोकसभा में राहुल गांधी ने अडानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर आरोप लगाए। सत्तापक्ष का कहना था कि सभी आरोप गलत हैं।

यहां राहुल गांधी के निलंबन की मांग करने की बजाय उनके द्वारा मोदी-अडाणी को लेकर कहीं गई बात कार्रवाई से विलोपित कर दी गई। पटवारी ने कोई गलत बात कह दी थी तो लोकसभा का अनुसरण कर उसे कार्रवाई से विलोपित किया जा सकता था। इसकी बजाय उन्हें निलंबित कर विवाद बढ़ा दिया गया। लिहाजा, हंगामा हो गया। कांग्रेस स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आई। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने पुस्तक उनकी ओर फेंकने का आरोप लगा कर संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा को निलंबित करने की मांग कर डाली। सत्तापक्ष ने सज्जन वर्मा और विजयलक्ष्मी साधौ के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की सूचना दे दी। हंगामा हुआ और सदन की कार्रवाई 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। अब बजट सत्र में कुछ न होना तय है।

**'विंध्य' को साधे रखने शिवराज की 'तुरुप चाल**

विधानसभा के पिछले चुनाव में विंध्य अंचल ने भाजपा की झोली सीटों से भर दी थी। उसे 30 में से 24 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले कुछ समय से भाजपा को रिपोर्ट मिल रही है कि विंध्य में इस बार पांसा पलट सकता है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। बस क्या था, भाजपा और सरकार चौकन्ने हुए और पूरा ध्यान इस अंचल पर केंद्रित कर दिया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गईं दो घोषणाएं विंध्य को साधे रखने की दिशा में चली गईं 'तुरुप चाल' हैं। उन्होंने 7 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने की घोषणा कर दी। अर्जुन सिंह कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे हैं और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के पिता हैं। खास बात यह है कि विंध्य का नायक कह कर उनकी मूर्ति के अनावरण की मांग भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी द्वारा की जा रही थी। दूसरा, रीवा जिले के मऊगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने मऊगंज को नया जिला बनाने का ऐलान कर दिया। इसमें रीवा जिले की चार तहसीलें शामिल होंगी। अर्जुन सिंह से जुड़ी घोषणा कर मुख्यमंत्री ने एक तीर से कई निशाने साधे। अपने विधायक नारायण की नाराजगी दूर की और अर्जुन सिंह को चाहने वालों की सहानुभूमि हासिल कर ली। मऊगंज को प्रदेश का 53 वां जिला घोषित कर दूरदराज के लोगों का दिल भी जीत लिया।



**नरोत्तम के दिल्ली दौरे से अटक गई थीं सांसें**



प्रदेश भाजपा में बदलाव को लेकर पार्टी नेताओं में किस कदर डर है, यह गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के अचानक दिल्ली जाने के दौरान देखने को मिला। भाजपा में सन्नाटे की स्थिति थी। दरअसल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिस तरह निश्चिंत होकर काम कर रहे हैं, इसे देख कर उनकी कुर्सी खतरे से बाहर बताई जाने लगी है। उनके नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव की चर्चा होने लगी है और अटकलें हैं कि मंत्रिमंडल में फेरबदल के लिए उन्हें फ्री हैंड मिल गया है।

लेकिन संगठन में बदलाव को लेकर चचाएं अब भी नहीं थमी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नेतृत्व संगठन में बदलाव कर सकता है। इसीलिए बजट सत्र के दौरान जैसे ही नरोत्तम अचानक हवाई यात्रा कर दिल्ली गए, अटकलों का बाजार गर्म हो गया। कहा जाने लगा की नरोत्तम को प्रदेश संगठन की कमान सौंपी जा सकती है। समूचा भाजपा कार्यालय सन्नाटे में आ गया। भाजपाई खेमों में 'कहीं खुशी, कहीं गम' के नजारे दिख गए। हालांकि बाद में जब पता चला कि नरोत्तम एक व्यक्तिगत केस के सिलसिले में दल्ली गए हैं, तब नेताओं के दिमाग का टेंशन कम हुआ। इससे भाजपा के अंदर बदलाव को लेकर संशय की स्थिति का पता चलता है। भाजपा के मौजूदा नेतृत्व ने अपनी इमेज ही ऐसी बना रखी है कि वह कब क्या निर्णय ले ले, कोई नहीं जानता।

**मुसीबत से घिरे जीतू को याद आए भावी सीएम**



विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से चेहरा कौन होगा और होगा भी या नहीं, इसे लेकर संशय की स्थिति है। पार्टी के अंदर इसे लेकर बवाल मच चुका है। जीतू पटवारी के एक कथन से यह मामला फिर गरमा सकता है। विधानसभा में बजट सत्र के लिए निलंबित किए जाने के बाद पटवारी ने पहली बार कहा कि कांग्रेस भावी मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में यह लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस ने जो प्रेस नोट जारी किया, उसमें भावी मुख्यमंत्री शब्द पर खास फोकस किया गया। कमलनाथ ने इस पर आपत्ति भी नहीं जताई।

इससे पहले कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री बताते हुए प्रदेश भर में बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल ने साफ कर दिया था कि पार्टी में चेहरा आगे कर चुनाव लड़ने की परंपरा नहीं है। चुनाव बाद कांग्रेस विधायक दल और पार्टी नेतृत्व इस बारे में फैसला लेगा। यही बात अरुण यादव और अजय सिंह ने दोहराई थी। जीतू पटवारी ने भी लगभग ऐसी ही बात कही थी। कमलनाथ को कहना पड़ा था कि वे मुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं है। इसके बाद कमलनाथ को भावी मुख्यमंत्री बताते हुए लगाए गए पोस्टर-बैनर गायब हो गए थे। निलंबन के कारण मुसीबत में घिरे पटवारी ने फिर यह राग छेड़ दिया। एक सवाल के जवाब में अरुण यादव ने फिर पुरानी बात दोहरा दी, मामला फिर गरमा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर बड़ी सौगात प्रदेश की महिलाओं को दी

नैनपुर मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर बड़ी सौगात प्रदेश की महिलाओं को दी गई लाडली बहना योजना के अंतर्गत आयोजित समारोह में इस योजना का शुभारंभ किया गया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की बहनों को दी गई सौगात में बताया गया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन फार्म मैं साधारण जानकारी दी जानी है योजना के शुभारंभ पर लाभ लेने बड़ी संख्या में महिलाएं नैनपुर के मंगल भवन पर उपस्थित सही इस अवसर पर पार्षद राजाराम शर्मा ने अपने उद्बोधन पर कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिव राज चौहान ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐसी योजना बनाई गई जिसका लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ लेने के लिए वार्ड के पार्षदों की जिम्मेदारी है कि वह आवेदन प्रक्रिया मैं सहयोग प्रदान करें समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी एसडीएम अर्थ जैन तहसील महिला बाल विकास अधिकारी की उपस्थिति रही पार्षद राजाराम शर्मा मोहित झारिया नितिन ठाकुर पिंकी चौधरी सुनील विश्वकर्मा निशा चंद्राल उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन मैडम बर्वे ने किया आभार प्रदर्शन मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजाराम बर थे ने किया

## सीएम के साथ जन्मदिन पर विधायक विष्णु खत्री ने लगाएं पौधे



बैरसिया।। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्मार्ट सिटी पार्क भोपाल में पौधारोपण किया सीएम के साथ उनके जन्मदिन पर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने अपनी बेटीओं के साथ प्रदेश के मुखिया के 64 वे जन्मदिवस पर पौधे रोपे साथ ही विधायक विष्णु खत्री की वेटी दिशा खत्री का भी जन्मदिन था इस मौके पर सीएम के साथ दिशा खत्री ने भी पौधारोपण कर सीएम से आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन पर प्रदेश की जनता से पौधे रोपने की अपील की थी उन्होंने कहा था कि मेरे जन्मदिन पर बैनर पोस्टर होडिंग ना लगाकर पौधे लगाए यही मेरे लिए सच्ची शुभकामनाएं होगी।

साथ ही सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए भोपाल के जंबूरी मैदान मैं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत की जिसमें प्रदेश की 23 से 60 वर्ष तक की सभी पात्र बहनों को प्रतिमाह 1 हजार रुपए सीधे उनके खाते में जमा होंगे। कार्यक्रम में सीएम श्री चौहान ने बहनों से कहा कि योजना में आपको परेशानी ना आए इसलिए यह कार्यक्रम रखा है मेरी बहनों हमारे देश की धरती पर मां बहन और बेटी का हमेशा से बहुत सम्मान रहा हमारे यहां नारियों को को दुर्गा सरस्वती और लक्ष्मी का रूप मानते हैं, साथ सीएम ने कहा कि योजना का लाभ लेने में कोई हड़बड़ी नहीं करना है आपके गांव में ही शिविर लगेगा यहां आपको सुकून के साथ आवेदन जमा करना है 1 दिन में 30 आवेदन भरे जाएंगे और जब तक सभी बहनों के आवेदन जमा नहीं हो जाते तब तक शिविर लगा रहेगा, योजना का लाभ लेने के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने की जरूरत नहीं है लोक सेवा केंद्र के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है अपने आवेदन में ढाई लाख रुपए से कम कि आय लिख देना इसे मान लिया जाएगा

## शैलेन्द्र राय को अध्यक्ष पद पर मनोनीत

ओबैदुल्लागंज संवाददाता.. कल्चुरी कलार समाज जिला रायसेन अध्यक्ष संतोष राय जी की अध्यक्षता मे गैरतगंज में आयोजित प्रथम सम्मेलन में गौहरगंज तहसील के अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र राय ( ओबेदुल्लागंज) को मनोनीत किया गया एवं बरेली तह. यश वर्मा ,बाडी तह, मुकेश राय ,रायसेन तह जीवन सिंह राय गैरतगंज तहसील जगदीश राय ,बेगम गंज तह. संतोष राय, सिलवानी तह. केलास राय, उदयपुरा तह. दिलीप चौकसे, सुल्तानपुर तह .मनीष चौकसे को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर

सुंदर लाल राय, लक्ष्मण राय गोकुल राय, श्याम मालवीय, गोविंद राय कन्हेया लाल जी, विक्रांत राय सोनू चौकसे कपिल राय , सोनू राय नवल मालवीय, मुकेश राय, कमल मालवीय , पकंज राय राजेंद्र मालवीय, मनीष चालते, मनीष राम आदि अनेकों सामाजिक बंधुओं ने शुभकामनाएं और बधाई दी

# कोया सेवा शक्ति संगठन के द्वारा आगजनी परिवारो को किया राशन व कपड़े वितरण





खंडवा। खालवा ब्लॉक के सुंदरदेव ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुहागी में आग लगने से करीब 25 आदिवासियों के मकान जल गए थे। उन परिवारों को कपडो से लेकर ,राशन- हल्दी धनिया ,मिर्ची, नमक ,चावल, दाल, बर्तन, बिस्तर चादर कंबल आदि वितरण किया गया। इस वितरण व्यवस्था में ओंकारेश्वर परियोजना परिवार, इंदिरा सागर परियोजना परिवार, सामाजिक सांस्कृतिक मंडल नर्मदा नगर, पुनासा नगर परिवार खंडवा शहर परिवार , ह्×ह्कार्यालय खंडवा का परिवार व कोया शक्ति सेवा संगठन खंडवा का विशेष योगदान रहा। समान वितरण में वह कोया शक्ति सेवा संगठन के देवेंद्र सिंह सैयाम, डॉ विशाल अहाके, टीकम जी चनाब उपाध्यक्ष, देवेंद्र सोयाम सहायक सचिव ,डॉ प्रीयेश मर्सकोले, विशाल धुर्वे,बंटी इवने , अनिल कावडे , कुंदन कावडे, मनोज मिश्रा मनोज मिश्रा, बृजेश सोनिया , मंगल धुर्वे ,कृष्णा धुर्वेसतीश धुर्वे, कमलेश भल्लाबी ,राम इरपचे का विशेष सहयोग रहा ।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर जिलाअध्यक्ष की मुहिम लाई रंग,हर बूथ पर किया कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण



बरेली 7 मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर रायसेन जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पत्र जारी कर जिले के सभी जिला पदाधिकारी से लेकर मण्डल और बूथ स्तर तक पदाधिकारी को मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर वृक्षारोपण करने का आग्रह किया था जिलाध्यक्ष द्वारा छेड़ी गई मुहिम जिले में सार्थक और सफल हुई प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया और संगठन के ग्रुप पर कार्यकर्ताओं द्वारा फोटो भी डाली गई 7 पहली बार रायसेन जिले में जिलाध्यक्ष मुहिम पर हर बूथ पर वृक्षारोपण हुआ है वही कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में भाजपा जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा ,जिला पंचायत अध्यक्ष मीणा, कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी विकास साहवाल ने मुख्यमंत्री चौहान के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया 7 जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का संदेश था कि मेरे जन्मदिन पर मुझे उपहार स्वरूप आपके आसपास एक वृक्ष जरूर लगाएं जिसके बाद रायसेन जिले में प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया है सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने मुहिम को सार्थक सफल बनाया और जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया 7

## नेहरू युवा केन्द्र, द्वारा युवा उत्सव-इंडिया आयोजित में युवाओं को पुरूस्कार वितरित किए

धार । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में नेहरू युवा केन्द्र, धार द्वारा युवा उत्सव-इंडिया/2047 का आयोजन, धार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार ऑडिटोरियम में शनिवार 4 मार्च को किया गया जिसमें 15 से 29 वर्ष के 300 युवाओं द्वारा पॉच प्रतियोगिताओं -कविता लेखन, पेंटिग प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ-चढ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री छत्तरसिंह दरबार द्वारा पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं युवाओं को प्रबल इच्छा शक्ति के साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सम्पूर्ण प्रयासों के साथ सहभागिता देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर शिवम प्रजापति आईएस, जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पंडित छोटु शास्त्री,डॉ. एस.एस. प्राचार्य पी.जी. कॉलेज बघेल, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेश शाक्य , अध्यक्ष भोज शोध संस्थान दिपेन्द्र शर्मा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा, शास्वत जैन,राधेश्याम काजले चाईल्ड लाईन धार, द्वारा उपस्थिति दी गई। युवा उत्सव अन्तर्गत पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला रक्तकोष विभाग, जन अभियान परिषद, भारतीय खेल प्राधिकरण धार, महिला वन स्टॉप सेन्टर, धार चाईल्ड लाईन धार इत्यादि द्वारा अपने विभाग की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल लगाए गए।

# लाडली बहना योजना के फार्म निशुल्क बहनों को वितरित



ग्वालियर। भितरवार विधानसभा क्षेत्र के मोहना मंडल के नगर मोहना में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन लाडली बहना योजना के फार्म निशुल्क बहनों को वितरित करने तथा बहनों को लोगों द्वारा फैलाई जा रही भ्रांतियों से सतर्क रहने और जागरूक करने का कार्य करते हुए मनाया गया सभी बहनों ने भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता और जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौड़ जी के माध्यम से निशुल्क फार्म प्राप्त किए और साथ ही इस लाडली बहना योजना के लिए 1000 से अधिक बहनों ने भाई श्री शिवराज सिंह चौहान जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए 2023 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया इस अवसर पर श्री मोहन सिंह राठौड़ जी द्वारा बहनों को बताया गया आपको लाडली बहना योजना के फार्म भरने की लिए जाति प्रमाण पत्र , मूल निवासी प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र , पैन कार्ड की कोई आवश्यकता नहीं है, बहनों को फार्म जमा करते समय स्वयं आकर फोटो खिंचवाना है तथा आधार कार्ड मैं मोबाइल नंबर अपडेट हो तथा आधार कार्ड बैंक के साथ संबंध हो तथा आधार कार्ड परिवार आईडी से अपडेट हो केवल इतना कार्य करें और 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की बहने यह योजना में ?1000 प्रति माह पाए , कार्यक्रम में राजेंद्र नायक , प्रीतम धाकड़ , मुन्ना चौबे जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,सत्येंद्र धाकड़ ,, एड. , विष्णु शिवहरे ,, पार्षद , बबली खान , परमानंद मिश्रा , सुरेश पाल , ममता भदोरिया , सत्य प्रकाश झा ,साहब खान , संदीप सक्सेना ,एहसान खान , कमल भदौरिया,, डॉ., महावीर जैन , संतोष मिश्रा ,पुरुषोत्तम नामदेव ,नंदू दीक्षित , निगम तोमर , वीरेंद्र रावत ,देवेंद्र धाकड़,मुकेश जोशी ,शब्बीर खान , सोनू मामा ,संजय मांझी ,आरिफ खान ,महेंद्र धाकड़ , मनीराम जाटव ,जमाल खान ,मोती तोमर ,गाजी खान , बृजमोहन जैन ,खैर सिंह प्रजापति ,छोटे आदिवासी ,करुआ आदिवासी , अशोक आदिवासी जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जनसेवक साथी उपस्थित थे तथा मोहना जनसुनवाई स्थल नायक मार्केट के सामने 6मार्च को प्रातः 11ः00 से 2ः00 तक फार्म का निशुल्क वितरण किया जाएगा जो भी वंचित रह गए हैं कल 6मार्च को फार्म प्राप्त करें

# रतलाम जिले में भी हर्षोल्लास के साथ लाडली बहना योजना का हुआ शुभारंभ



रतलाम 7 संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ ही रतलाम जिले में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ लाडली बहना योजना का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रफुल्लित बहनों ने अपने ह्रदय की गहराई के साथ अपने भैया मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद दिया, उनका आभार माना, बहनों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। योजना लांच होने पर रतलाम की बहनों की खुशी देखते ही बनती थी। जिला स्तरीय कार्यक्रम रतलाम के रंगोली गार्डन में हुआ जहां मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के उद्बोधन को हर्ष से भरे वातावरण में देखा-सुना गया। विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष लालाबाई, राजेंद्र सिंह लुनेरा, महापौर प्रहलाद पटेल, जनपद अध्यक्ष साधना जायसवाल, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जमुना भिड़े, प्रदीप उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र पाटीदार, निगमायुक्त हिमांशु भट्ट, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, एनआरएलएम मैनेजर हिमांशु शुक्ला, बड़ी संख्या में लाडली बहने उपस्थित थी। इस हर्षोल्लास में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, ढोल धमाके के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए लाडली बहना योजना के शुभारंभ पर सबको बधाई दी। श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री ने योजना लागू करके प्रदेश की बहनों के जीवन का आर्थिक उत्थान किया है। बहनों के आर्थिक रूप से मजबूत होने पर उनका परिवार और अधिक मजबूत होगा। श्री काश्यप ने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भ्रम में ना रहे, आवेदन की आसान एवं सरल प्रक्रिया है। सभी बहनों को बगैर किसी परेशानी के योजना का लाभ मिलेगा। आपके वार्ड में कैंप लगाए जाएंगे, आवेदन लिए जाएंगे, पूरा अमला आपके लिए आवेदन हेतु कार्य करेगा। लाडली बहना योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान का बहनों को उपहार है। आपको प्रतिमाह 1 हजार रुपए मिलेंगे तो आप आर्थिक रूप से और ज्यादा सशक्त और सक्षम होंगी। मुख्यमंत्री ने बहनों को आर्थिक सक्षमता और सशक्तता दी है।

विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि बडे सौभाग्य का दिन है जब मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपनी बहनों के लिए लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया है। योजना बहनों तथा उनके परिवारों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए है। मुख्यमंत्री ने अपनी बहनों के लिए आत्मीयता के साथ योजना लागू की है। इससे बहनों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा, आर्थिक रूप से सक्षम बनेगी। आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करेंगी। डॉ.पांडे ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की जनता की भलाई के लिए लगातार अभिनव योजनाएं लागू की है जिनसे आम आदमी की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ बहनों को उपलब्ध कराने के लिए सभी वार्डों में कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। प्रारंभ में कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में लाडली बहना योजना की जानकारी तथा योजना का लाभ बहनों को उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की कार्य योजना से अवगत कराया। कार्यक्रम में भूमिका शेखावत, काकुल राजावत द्वारा राजस्थानी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई । लाडली बहन विजयकुवर सिसोदिया द्वारा लाडली बहना योजना पर सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन एनआरएनएम जिला प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने किया।

## पत्नि की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास

छतरपुर। मीडिया सेल प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 23.10.2021 को पुलिस चौकी जिला अस्पताल छतरपुर से मृतका नेहा कोरी पत्नि कौशल कोरी उम्र 20 वर्ष के मृत अवस्था में लाने विषयक तहरीर पर थाना सिविल लाईन में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मृतिका के नवविवाहिता होने से जांच नगर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह द्वारा की गई, जांच के दौरान मृतका की पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें मृतक नेहा कोरी की मृत्यु नुकीली धारदार वस्तु से पेट में आई चोटो के कारण होना लेख था, जांच की दौरान मृतका की मां निर्मला कोरी द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.05.2020 को उसकी लडकी नेहा कोरी को आरोपी कौशल उर्फ हल्के कोरी भगा कर ले गया था करीब ढेड दो माह पहले नेहा ने फोन से बताया था कि वह कौशल कोरी के साथ नरसिंहगढपुरवा में किराये के मकान में रहती है। दिनांक 22.10.21 को रात में कौशल कोरी ने मोबाईल से बताया कि लडकी नेहा को देखना हो तो आ जाओ वह बेंड से गिर गई है तब दूसरे दिन करीब 11 बजे नेहा को देखने गई थी नेहा पंलग पर लेटी थी उसके पेट में पट्टी चिपकी थी पूछने पर नेहा ने बताया था कि पति कौशल कोरी पहले खूब चाहता था, जब से बच्ची हुई है उसके साथ मारपीट करता है रात में लड़ाई झगड़ा कर उसके साथ मारपीट की है तथा जान से मारने की नियत से पेट में कोई नुकीली चींज मार दिया है, ईलाज कराने ले गया था डाक्टर ने पेट में टांका लगा कर पटटी बांधी है, कौशल के परिजनो के आ जाने के कारण नेहा ने और कुछ नही बताया था फिर शांम करीब 7:30 बजे दामाद कौशल कोरी ने फोन से बताया कि नेहा को ईलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये जो खत्म हो गई है। जांच के दौरान अन्य साक्षियो के भी कथन लिये गये थे। संपूर्ण जांच पर यह पाया कि कौशल कोरी द्वारा किसी नुकीली वस्तु से चोट पहुचाई गई जिससे मृतका की मृत्यु हुई है एवं डॉक्टर को सही जानकारी एवं पुलिस को सही सूचना न देकर घटना स्थल को मिटा कर साक्ष्य को नष्ट करने का प्रयास किया जाना पाये जाने पर थाना सिविल लाईन में आरोपी कौशल कोरी के विरूद्ध भादवि की धारा 302,201 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पूछतांछ में आरोपी द्वारा नेहा के पेट में चाकू मारना स्वीकार किया गया।

## सीएम सामूहिक कन्या विवाह 35 विवाह हुये और एक निकाह पढ़ा गया

### बारात का स्वागत कलश एवं मंगलगीत से हुआ,नगरपालिका के विवाह मण्डप पर दूल्हों को लगाया गया तिलक



छतरपुर,। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत नगरपालिका छतरपुर प्रांगण में रविवार को 36 वर-वधु विवाह के बंधन में एक-दूजे के हुये। इसमे 35 विवाह हुये तो एक निकाह पढ़ा गया। अतिथियों द्वारा वैवाहिक जीवन में बंधे जोड़ों को उज्जवल जीवन का आर्शीवाद दिया गया। स्टेडियम प्रांगण से बग्गी घोड़े एवं बैंडबाजे सहित बारात छत्रसाल चौराहा होकर नगरपालिका विवाह स्थल प्रांगण पहुंची, दूल्हों एवं बरातियों का वैदिक संस्कृति से द्ववारचार संस्कार और मंगल कलश एवं मंगलगीत से स्वागत किया गया और तिलक लगाया गया।

इस अवसर पर भोपाल के जंबूरी मैदान से मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गई लाड़ली बहना योजना के लाइव प्रसारण को सुना गया। सामूहिक विवाह विवाह में विधायक बड़ामलहरा प्रद्युम्न सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया, मलखान सिंह, नपा उपाध्यक्ष विकेन्द्र वाजपेयी, जुझार सिंह बुन्देला, उमेश शुक्ला, श्रीमती अर्चना सिंह, अरविंद पटैरिया, सुरेन्द्र चौरसिया और सीएमओ ओपीएस भदौरिया उपस्थित थे।

विवाह संस्कार में वर-वधु ने एक-दूजे को वरमाला पहनाई। सामूहिक विवाह में यह सामग्री दी गई जिसमें पायल बिछिया, कांटा, मंगलसूत्र, रेडियो, टेबल फैन, एलईडी टीवी, दीवार घड़ी, अलमारी, कुर्सी-टेबिल, पलंग, रजाई-गददे तकिया, चादर, डाइनिंग टेबिल, स्टील के बर्तन, प्रेशर कुकर, बधु के वस्त्र, चूड़ियां, श्रंगार सामग्री, सिलाई मशीन दी गई। वर-वधु पक्षों ने शासन एवं प्रशासन को विवाह कराने के लिये धन्यवाद दिया।

### कांग्रेस का आरोप , लाडली बहना योजना चुनावी शगुफा

# ढाई लाख कमाने वाले , इनकम टैक्स देने वाले , शासकीय नौकरी वाले , चार पहिया वाहन वाले , पेंशन लेने वाले , 5 एकड़ जमीन वाले परिवारों की महिलाएं योजना से बाहर

खरगोन-- मध्य प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना, बहना को मूर्ख बनाकर वोट लेने वाली योजना है जोर शोर से प्रचार-प्रसार कर मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं को ठगने का काम कर रही है । एक तरफ जहां मुख्यमंत्री इस योजना का ढिंढोरा पीट रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इस योजना के कठोर नियम बनाकर बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना से बाहर करने की साजिश भी रची जा चुकी है साफ होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को ठगकर आगामी चुनाव में उनका वोट भर लेना चाहती है शासकीय गाइडलाइन के अनुसार जो परिवार ढाई लाख रुपए सालाना कमाते हैं, वह परिवार जो इनकम टैक्स देते हैं, जिनके घर चार पहिया वाहन है, जिनके पास 5 एकड़ से अधिक जमीन है, जिनके परिवारों में एक भी सदस्य शासकीय सेवा में है या जो किसी प्रकार की पेंशन लेते हैं इन परिवार की महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिलेगा इसके अलावा 23 वर्ष से 60 वर्ष तक का आयु बंधन भी बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना से बाहर कर देगा ऐसे नियमों के बाद नाम मात्र की महिलाएं इस योजना की पात्र होंगी उनको भी दस्तावेज बनाने एवं उनकी जांच के नाम पर बाहर कर दिया जाएगा ऐसी स्थिति में यह योजना सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह जाएगी और प्रदेश सरकार आगामी चुनाव में सिर्फ महिलाओं के वोट लेने के लिए इसका ढिंढोरा पिटती रहेगी । उक्त बातें जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि नाईक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहीं उन्होंने प्रदेश सरकार पर महिलाओं से झूठ बोलकर उन्हें ठगने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों से प्रदेश में भाजपा की सरकार है इतने सालों में उन्हें बहनों की याद नहीं आई । छः महीने बाद चुनाव होने वाले हैं तो सरकार महिलाओं का वोट लेने के लिए इस प्रकार की लुभावनी योजना लाकर उनके वोट लेना चाहती है जबकि हकीकत यह है कि इसी प्रदेश सरकार के राज में महिला अत्याचार में मध्यप्रदेश नंबर वन है, बलात्कार में मध्य प्रदेश नंबर वन है यदि सरकार इतनी ही महिलाओं के हितेषी है तो फिर महिला अपराध प्रदेश नंबर वन क्यों है?

### जो महिलाएं अपात्र होंगी क्या वह बहना नहीं है?

रवि नाईक ने सरकार से सवाल किया है कि मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहना योजना के नाम पर प्रदेश की महिलाओं को दो हिस्सों में बांट दिया है एक वो थोड़ी सी महिलाएं जो, योजना की पात्र होंगी।दूसरी बड़ी संख्या में वो महिलाएं जो योजना में अपात्र होंगी। ऐसी स्थिति में पात्र महिलाएं तो बहना कहलाएंगी लेकिन जो महिलाऐं योजना से बाहर होगें क्या वह लाडली बहना नही होगी ,?

### कागज बनाने, जांच करने में चार माह का समय लेगी सरकार

5 मार्च को लांच कर रही इस सीयोजना में फॉर्म भरने दस्तावेज तैयार जांच करने की जो तारीखें सरकार ने तय की है उसमे जून माह के बाद लाभ मिलना शुरू होगा इसके तुरंत बाद मध्यप्रदेश में चुनावी आचार संहिता लगने की संभावना है अर्थात सरकार महिलाओं को लाभ देना ही नहीं चाहती केवल उनका वोट लेना चाहती है सरकार कि यह योजना कागजों तक सिमट कर रह जाएगी और मध्य प्रदेश की करोड़ों महिलाएं अपने आपको ठगा हुआ महसूस करेगी

### कांग्रेस देगी प्रत्येक महिला को पंद्रह सौ रुपए प्रतिमाह

रवि नाईक ने आगे बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी ने मध्य प्रदेश की प्रत्येक महिला को सरकार बनने के तुरंत बाद ही 1500रू प्रतिमाह देने का वादा किया है। कांग्रेस की इस घोषणा में प्रदेशभर की सारी महिलाएं आएंगी किसी प्रकार नियम बनाकर उन्हें बाहर नहीं किया जाएगा। पहले भी जो कहा था वह किया इस बार भी महिलाओं को पंद्रह सौ ? देने का जो वादा किया है उसे सरकार बनने के बाद निभाया जाएगा


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे द्वारा एक किता भूखंड क्रमांक 9 मेन से अंश जिसका कुल क्षेत्रफल 1850 अर्थात 171.93 वर्गमीटर जिसका पुराना खसरा क्रमांक खसरा क्रमांक 87/2/1 नया खसरा 476, 489, 564/477, 567/489, 565/477, 465/447, 566/490 कुल रकबा 7.56 एकड़ का अंश भाग जो हरी नगर, ग्राम नीलबड़, वार्ड क्रमांक 26 पटवारी हल्का क्रमांक 33 राजस्व निरिक्षण मंडल 0 3 विकास खण्ड फंदा तहसील हुजुर जिला भोपाल मध्य प्रदेश में स्थित है, उक्त भूमि के नामांतरण कराने हेतु कार्यालय तहसीलदार, तहसील हुजूर जिला भोपाल में नामांतरण करने हेतु आवेदन किया है। उक्त आवेदन से किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या कंपनी, शासकीय, अशासकीय, अर्ध शासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि में किसी प्रकार का कोई हित समाहित हो तो वह इस प्रकाशन के सात दिन के अंदर मय मूल दस्तावेज़ के साथ मेरे निवास पर आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चातकिसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मैं उक्त संपत्ति के नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु स्वतंत्र होंगे

**महेश पटेल**
**निवासी मकान नंबर 9 हरी नगर कालोनी,**
**ग्राम नीलबड़ वार्ड 26 तहसील हुजूर भोपाल**
**मोबाइल- 9893712202**

## अडानी ग्रुप की 'ताकत' हुई कम, आईसीआरए ने रेटिंग आउटलुक किया 'निगेटिव'




नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी समूह के बुरे दिन जाने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने गौतम अडानी के ग्रुप की दो कंपनियों का रेटिंग आउटलुक 'स्थिर' से 'निगेटिव' कर दिया है। ये दो कंपनियां अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अडानी टोटल गैस हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडानी समूह साख के संकट का सामना कर रहा है और अब साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने इस तरह से अडानी ग्रुप की दो प्रमुख कंपनियों के रेटिंग आउटलुक में संशोधन कर दिया है। हालांकि अभी कंपनियों की क्रेडिट रेटिंग से छेड़छाड़ नहीं की गई है। इक्रा का कहना है कि वह अडानी ग्रुप की घरेलू और वैश्विक बाजारों से प्रतिस्पर्धी दरों पर इक्विटी या बॉन्ड के जरिए कर्ज जुटाने की क्षमता पर नजर रखेगी। इक्रा ने कहा कि ग्रुप की कंपनियों पर रेग्युलेटरी या कानूनी जांच का जोखिम है। वहीं अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद समूह की कंपनियों के शेयर प्राइस में तेज गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा अडानी टोटल गैस को बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत है। इसके लिए उसे भारी मात्रा में कर्ज जुटाना होगा जबकि अडानी समूह के मौजूदा संकट से इस पर उल्टा असर हो सकता है। इसलिए इक्रा दोनों कंपनियों के कर्ज गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव की निगरानी करेगी।

# फाइनल मुकाबला देखने उमड़ा 10 हजार से ज्यादा लोगों का जन सैलाब, पहुंचे सांसद, विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष

सागर दिनांक 05 मार्च 2023ः मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट के नाम से विश्व रिकार्ड बनाने जा रही है। सुरखी, बिलहरा, सीहोरा, जैसीनगर तथा राहतगढ़ मंडलों में फाईनल मुकाबले सहित 609 मैच अबतक इस टूर्नामेंट में खेले जा चुके हैं। विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ की लगातार लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। राहतगढ़ मंडल के मंत्री क्रिकेट महाकुंभ के फाईनल मुकाबले को देखने के लिये 10 हजार से अधिक लोग पहुंचे साथ ही सांसद राजबहादुर सिंह, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया भी राहतगढ़ स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम में दर्शकों की भीड़ तथा उनके स्नेह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार को राहतगढ़ मंडल में टीम फ्रेन्ड्स क्लब राहतगढ़ तथा टीम हिनोतिया के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया जिसमें टीम फ्रेन्ड्स क्लब ने टीम हिनोतिया को 19 रनों से पराजित करते हुये फाईनल मुकाबले में विजय प्राप्त की जिसमें उपबिजेता के रूप में टीम हिनोतिया रही। मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच 2 विकेट एवं 22 रन बनाकर नितिन महराज रहे। गौरतलब है कि मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ में अब तक शो मैच सहित 609 मैच खेले जा चुके हैं। विजेता तथा उपविजेता टीम को सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं क्रिकेट महाकुंभ के आयोजक आकाश सिंह राजपूत द्वारा शील्ड देकर पुरूष्कृत किया गया। इस अवसर पर सांसद राजबहादुर सिंह ने क्रिकेट महाकुंभ के आयोजन को लेकर आकाश सिंह राजपूत को शुभकामनायें देते हुये कहा कि इस तरह का आयोजन सरल नहीं होता इसके लिये बहुत मेहनत करनी पड़ती है आकाश सिंह राजपूत की लगन और मेहनत से एक बार फिर सुरखी विश्व रिकार्ड बनाने जा रही है। इस अवसर पर शैलेन्द्र जैन ने आकाश सिंह राजपूत को गले लगाते हुये आयोजन के लिये बधाई देते हुये कहा कि युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिये क्रिकेट महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन करने वाले आकाश सिंह राजपूत युवाओं के आईकॉन बन गये हैं अपने क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिये रन फॉर यूनिटी कबड्डी प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियां करते रहते हैं जिससे सुरखी विधानसभा क्षेत्र से कई अच्छे खिलाड़ी निकलकर सामने आये है। भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने क्रिकेट महाकुंभ की आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा कि यह क्रिकेट महाकुंभ विश्व में पुनः इतिहास रचेगा जिससे सुरखी विधानसभा तथा हमारे शहर का नाम विश्व के पटल पर पुनः अंकित होगा जिसका श्रेय आकाश सिंह राजपूत को जाता है।

आकाश सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुये कहा कि मंत्री ट्रॉफी क्रिकेट महाकुंभ के पांचो मंडलों में फाईनल मुकाबले हो चुके हैं 14 मार्च से इस टूर्नामेंट के लीग मैच शुरू होंगे। आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि सभी लोगों की मेहनत और लगन के कारण क्रिकेट महाकुंभ सफल हुआ है उन्होंने सभी क्रिकेट महाकुंभ के आयोजकों, समितियों, सफाई कर्मचारियों, क्षेत्रवासियों का धन्यवाद प्रेषित किया।

राहतगढ़ मंडल के फाईनल मुकाबले में नितिन महराज प्लेयर ऑफ द मैच रहे तो वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट सीरेज में 15 विकेट लेने वाले ग्राम हिनोतिया के अभिजीत शर्मा बेस्ट बॉलर चुने गये। राहतगढ़ से बेस्ट बेट्समैन सोहेल मंशूरी 160 रन बनाकर रहे तो वहीं राहतगढ़ के बंटी जागेश चौबे मैन ऑफ द सीरेज रहे।



दर्शकों से भरे स्टेडियम में खिलाड़ियों का खूब उत्साह वर्धन हुआ। खिलाड़ियों के चोके छक्कों का स्वागत क्षेत्रवासियों ने तालियां बजाकर किया। इस अवसर पर बुंदेल सिंह मानकी, नीरज शर्मा, डैनी जैन, गोलू राय, अरविन्द सिंह राजपूत टिंकू राजा, विनोद ओसवाल, विनोद कपूर, शैलेन्द्र आयुष श्रीवास्तव, श्रीराम देवलिया, सतीश तिवारी हुर्रा, देवेन्द्र शिकारपुर, बंटू ओसवाल, अनुराग पाठक, आनंद टी.आई., दीपक जैन, राजू अहिरवार, संजय ठाकुर, सुरेंद्र रघुवंशी, सचिन घोषी, विकास जैन, दीपेंद्र राजपूत, ललित चौबे, संदीप शुक्ला, कौशल किशोर, अमित चौधरी, प्रियंक तिवारी, छोटेलाल सिलावट, आशु जैन, अजित यादव, सुमित ओसवाल, चुन्नू भाई, राहुल वर्मा, अंकित अग्रवाल, टिंकू तिवारी, राहुल तिवारी, शैतान राजपूत, राजेन्द्र घोषी, वैभव कपूर, प्रशांत देवलिया, फहीम कुरैशी, नीरज सेन, विवेक राय, महेंद्र पवार, पप्पू राय, विक्की अग्रवाल, रविदास कुशवाहा, जयदीप पटेल, अंश अग्रवाल, चेतन तिवारी, जितेंद्र कोरी, अमित चौबे, शिवम् सिलावट, नमन चौरसिया, अभिषेक विश्वकर्मा, अमित, राहुल जैन, आशिक उस्मानी, रूपेश जैन, शाहिद कुरैशी, रूपेश साहू, सूरज सिलावट, संजय पटेल, बब्बू पंडा, वीरसींग यादव शिकरपुर सरपंच, सतीश तिवारी हुरा, अन्नु ताम्रकार, सोनू सोनी, आरिफ कुरैशी, सलमान, कुरैशी, ओम, शुभम् दुबे, याकूब मंसूरी, संदीप मेहता, चंद्रकांत चौबे, ब्रजेश ठाकुर, अनिल ताम्रकार, नीलेश चतुर्वेदी, रामू सोनी, विशाल खटीक, गौरव कुशवाहा, राज राय, शुभम् सोनी, युसूफ मलिक, हनुमत कुशवाहा, अजय देवलिया, रामकुमार सोनी, रोनिक अवस्थी, बसीम खान, अक्षय, राहुल, विवेक, येशू सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने स्टेडियम पहुंचकर मंत्री ट्रॉफी के तहत चल रहे क्रिकेट महाकुंभ का आनंद लिया।

# रंगों में डूब गए बाजार, होलिया में उड़े रे गुलाल कहियो रे मंगेतर से...!

नई दिल्ली एजेंसी। दिल्ली के होलसेल मार्केट, जैसे- सदर बाजार, तेलीवाड़ा, लाहौरी गेट, खारी बावली और तिलक बाजार में शाम के वक्त पैर रखने की जगह नहीं है। यहां पैकिंग के साथ खुले में भी रंग-गुलाल मिल रहे हैं। मार्केट में खूब भीड़ उमड़ रही है। दुकानदार भी अपने स्टॉक खाली करने में जुट गए हैं। अब रिटेल का मार्केट बूम पकड़ेगा। बाजार में बैठे व्यापारियों का कहना है कि दो साल बाद होली के पर्व पर कोरोना महामारी कोई असर नहीं है। महंगाई होने के बावजूद जमकर व्यापार हो रहा है। बाजार, स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूट, फैक्ट्री, सामाजिक संस्थाएं, आरडब्ल्यूए, कर्मचारी संगठन सब मिलजुल कर होली मना रहे हैं। बाजार में रंग और गुलाल की सेल जोरों पर पहुंच रही है।

तिलक बाजार केमिकल मर्चेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रदीप गुप्ता बताते हैं कि दिल्ली के बाजारों में होली के अवसर पर करीब 2,000 टन गुलाल की बिक्री होती है। एक अनुमान के मुताबिक होली के अवसर पर सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में 400 से 500 टन गुलाल की खपत है। यहां से काफी माल दूसरे राज्यों में भी सप्लाई होता है। इस बार कारोबार नॉर्मल रहने के आसार हैं। मार्केट में खुले गुलाल के बजाए ब्रैंडिंड पैक की मांग बढ़ी है। इस बार रेट भी अधिक हुए हैं। अरारोट का प्राइस घटता-बढ़ता है, जिसका असर गुलाल के रेट पर दिखता है।

सदर बाजार के गुलाल विक्रेता सूरज प्रकाश बताते हैं कि वह मथुरा और प्रतापगढ़ से गुलाल मंगवाते हैं। यहां भी अरारोट का गुलाल बनता है। बाजार में अरारोट की मशीन से पिसाई और हाथ से पिसाई दोनों तरह के गुलाल



मौजूद है। मशीन का गुलाल बारीक होगा, जिसमें रंग और खुशबू ऑटोमैटिक मिल जाती है। मगर, हाथ से पिसे अरारोट का गुलाल थोड़ा मोटा होता है। इसमें बड़े हिसाब से रंग, पानी और खुशबू डाली जाती है। किसी तरह का कैमिकल यूज नहीं होता है। अब सदर बाजार में गुलाल और रंगों के रिटेल खरीदारों ने आना शुरू कर दिया है। अब तक थोक खरीदार मार्केट में पहुंच रहे थे। होली में कभी गुलाल का काम नहीं पिटेगा, भले नए तरह के रंग, स्प्रे, सिल्वर, गोल्डन पेस्ट आ जाए। गुलाल का उपयोग पूजा में भी किया जाता है। गाजियाबाद, मेरठ, अलीगढ़, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, बागपत और मथुरा भी लोग गुलाल, रंग-पिचकारी लेने लोग दिल्ली आते हैं। तिलक बाजार में गुलाल विक्रेता नरेंद्र गुप्ता का कहना है कि वह तिलक बाजार में होली और दीपावली से पहले काम करते हैं। होली से 15 दिन पहले गुलाल और दीपावली से महीने 15 दिन पहले रंगोली बेचते हैं। अपना ही गुलाल बनाते हैं, जिसमें मिलावट की गुंजाइश नहीं है। अरारोट का गुलाल जनरल किराना स्टोर पर भी मिल जाता है। उनका कहना है कि अब तो गुलाल से खेलने का प्रचलन भी कम हो रहा है। लोग कहते हैं कि कपड़े और घर खराब हो जाएगा। कौन सफाई करेगा? हाई राइज सोसायटी और बिल्डिंग फ्लैट का कल्चर बढ़ा है। घर में होली खेलने की जगह कम होती है। अब चंदन तिलक लगाकर होली मन रही है।

होली पर गुलाल सबसे अधिक यूज होता है। मुनाफाखोरी के चक्कर में कुछ लोग मिलावटी गुलाल बेचते हैं। सस्ता होने की वजह से लोग भूलवश इसे खरीद लेते हैं। प्रदीप गुप्ता का कहना है कि असली-नकली गुलाल की पहचान आसानी से हो सकती है। नकली गुलाल थोड़ा भारी होता है, जबकि अरारोट से बना गुलाल हल्का होता है। ये कपड़े और हाथों पर ठहरता भी नहीं है यानी इसे कपड़े खराब नहीं होते। ये आराम से झड़ जाते हैं। नकली गुलाल में खड़िया मिट्टी और मारबल के पाउडर का यूज होता है। ये शरीर के लिए नुकसानदायक होता है। दोनों गुलाल को हाथ में लेगें, तो अंतर साफ महसूस होगा। असली गुलाल हल्का होने के साथ सॉफ्ट भी होगा। प्रदीप गुप्ता ने बताया कि हाथों में रंग मलकर किसी के चेहरे पर लगाने वाले कलर पूरी तरह केमिकल पर आधारित होते हैं। इन्हें पानी में घोलकर किसी के ऊपर फैंक भी सकते हैं। इसका अधिकतर प्रोडक्शन गुजरात में होता है। केमिकल रंगों को इस तरह बनाया जाता है, जिससे त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचे। होलसेल में रंग 300 से 400 रुपये किलो और गुलाल 90 से 100 रुपये किलो बिक रहा है।

# यूजीईटी 2023 के लिए कॉमेडके-यूनी-गॉज एंट्रेंस एग्जाम की एप्लीकेशन डेट हुई घोषित

## 400 सेंटर पर 1 लाख से अधिक छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद

भोपाल,। कॉमेडके यूजीईटी और यूनी-गॉज एंट्रेंस एग्जाम रविवार 28 मई 2023 को 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और 50 से अधिक रैप्यूटेटेड प्राइवेट और डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए कंबाइंड एग्जामिनेशन के रूप में आयोजित की जाएगी। एंट्रेंस एग्जाम कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज एसोसिएशन (केयूपीईसीए) से संबद्ध कॉलेजों और बीई/बीटेक प्रोग्राम की चलाने वाले यूनी-गॉज मेंबर यूनिवर्सिटी के लिए आयोजित की जाएगी। एग्जाम 400 से अधिक एग्जाम सेंटर के साथ देशभर के 150 से अधिक शहरों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस साल 1 लाख से अधिक छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है।

अप्लीकेंट पर रजिस्टर कर सकते है। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 15 फरवरी, 2023 से शुरू हो गया है जो कि 24 अप्रैल, 2023 तक ऑनलाइन खुला रहेगा। पिछले 50 वर्षों से, कर्नाटक हायर एजुकेशन के मामले में लीडर रहा है। यह इंजीनियरिंग में करियर बनाने की चाह रखने वालों के लिए अपने विविध प्रकार के कॉलेजों, असाधारण शिक्षा और स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद हाई जॉब प्लेसमेंट रेट के कारण टॉप



चॉइस रहा है। हायर एजुकेशन पर राज्य के फोकस के परिणामस्वरूप स्किल्ड प्रोफेशनल के एक बड़ा पूल का तेयार हुआ है, जिनकी ग्लोबल लेवल काफी डिमांड है।

इस साल कॉमेडके ने एक पहल कॉमेडके केयर्स भी लॉन्च की है, इसके तहत भाग लेने वाले इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स की स्किल को बढ़ाने वाले कोर्सेस के माध्यम से जॉब रेडी होने में मदद की जाएगी। कॉमेड केयर्स ने कर्नाटक में आठ इनोवेशन हब स्थापित किए हैं, जिनमें से 4 बेंगलुरु में हैं और बाकी मैसूर, कलाबुर्गी, मैंगलोर, बेलगाम में स्थित हैं। प्रत्येक हब 5000 वर्ग फीट के अत्याधुनिक सेंटर में स्थित है। हब हाई एंड इक्विपमेंट (वुड रूटिंग, लेजर कटिंग, 3डी प्रिंटर, एआर-वीआर इक्विपमेंट, हैंड टूल्स, कंप्यूटर एसडब्ल्यू, यूआई-यूएक्स टूल्स आदि) से लैस हैं। इनोवेशन हब में रैपिड प्रोटोटाइपिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे प्रोग्राम पेश किए जाते हैं। इस पहल के साथ, कर्नाटक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू करने वाला पहला राज्य भी बन गया है। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा कि ÷कर्नाटक के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश पाने के लिए भारत भर के छात्रों का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है।150 से अधिक प्रमुख कॉलेज यूजीईटी के माध्यम से छात्रों को प्रवेश देते हैं, और हमें उन्हें यंग टैलेंट्स से जोड़ने के लिए एक निष्पक्ष, समावेशी और गैर-शोषक मंच प्रदान करने पर गर्व है।÷ ईआरए फाउंडेशन के सीईओ श्री पी. मुरलीधर कहते हैंः ÷हम मानते हैं कि मेरिट और एप्टीट्यूट ही एकमात्र मापदंड होना चाहिए जो यह निर्धारित करें कि एक छात्र को आगे की पढ़ाई कहां करनी चाहिए। यूनी-गॉज को एक टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के उच्चतम मानकों को पूरा करने के लिए सख्ती से डिजाइन किया गया है, और हमें कल के वर्कफोर्स के होलिस्टिक डेवलपमेंट डिजाइन की दिशा में अपनी भूमिका पर गर्व है।

प्रथम पेज का शेष...

# Fossilised nests of the world's largest dinosaur discovered in India








common in the fossil record, and this may be because of how they evolved. A recent paper suggested that some ornithischians, a group of dinosaurs containing ankylosaurs, stegosaurs and Triceratops, may have had soft shelled eggs.'

'It's possible that the ancestors of this group, and perhaps even dinosaurs as a whole, didn't have hard eggshells. However, it's hard to tell if ornithischians lost their ability to make hard eggs, or if other dinosaurs such as the sauropods and theropods gained it.'

The newly discovered nesting sites in India help to add further evidence for researchers investigating the process of dinosaur reproduction.

Dinosaur footprints moving away from the camera

Preserved dinosaur footprints have been used to suggest sauropods lived together in herds. Image © James St. John, licensed under CC-BY 2.0 via Flickr.

Inside a titanosaur nesting colony

Across the Dhar District, the researchers excavated 92 nests as part of the study. These mounds of earth were likely dug from the soft sediment of a floodplain environment over 66 million years ago.

The nests were packed closely together, suggesting that while the dinosaurs may have laid their eggs together in colonies, the parents may not have stuck around to look after them.

'We think that sauropods like the titanosaurs lived in herds because of their preserved footprints and trackways, and it seems that they also nested together as well, like some birds,' Susie says. 'Their strategy of laying a lot of eggs packed densely together is not one commonly associated with parental care.'

'While there are fossils of some dinosaurs, such as the meat-eating theropods, where parents are preserved sitting on a nest, there is no evidence of that kind of behaviour in the sauropods. It looks like sauropods laid their eggs and then left their offspring to fend for themselves.'

Though the parents may have left, the eggs would still need to be kept warm during their incubation period. Whether this was by burying them under sand like turtles, or under rotting plant material like crocodiles, is still debated by scientists.

A lack of preserved plant material and the pattern of fragmented eggshell at the Indian nests have led the researchers to suggest that burial under sand may have been more likely, at least in titanosaur species such as Jainosaurus and Isisaurus which once lived on the subcontinent.

While the results seem to suggest that these eggs were part of a nesting colony, other explanations can't be completely ruled out. More research will be needed to confirm whether the different nests were made at the same time.





A photo of the ovum-in-ovo dinosaur egg with a diagram to its right

The ovum-in-ovo egg is the first of its kind to be found in dinosaurs, and reptiles more widely. Image adapted from © James St. John, licensed under CC-BY 4.0 via Scientific Reports.

A unique dinosaur egg

Among the 256 eggs found at the site, one in particular caught the researchers' attention.

It appears to show a layer of eggshell inside another egg, with its shape suggesting that it had always been this way.

While multi-shelled eggs, where an egg can have more than one external layer, are not uncommon in birds, reptiles and dinosaurs, the researchers believed this fossil was something different.

They think it is an ovum-in-ovo egg, where one egg is found inside another. If confirmed, it would be the first example of an ovum-in-ovo egg not only in dinosaurs, but reptiles as a whole.

Currently these eggs are only known of in birds, where they form under stressful conditions such as disease, lack of food or abnormal temperatures. This causes a developing egg to be pushed back into the mother's body after its shell has started forming.

When this egg meets a less developed egg, it can be covered in another layer of yolk and albumen before being shelled again. This is possible because different sections of a bird's oviduct carry out different roles, causing the egg to repeat certain stages of its formation.

As birds are descended from dinosaurs, it suggests that titanosaurs and their ancestors may have had a similar reproductive system. Discovering exactly when this ability evolved would help to support or refute this theory, and tell us more about how dinosaurs might have behaved.

# मुख्यमंत्री ने किया लाडली बहना योजना का शुभारंभ

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों,नगरपालिक निगम व नगरीय निकायों के वार्डो में मुख्यमंत्री को जनप्रतिनिधियों ने सुना



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जम्बूरी मैदान भोपाल में लाडली बहना योजना का शुभारंभ किया । इस कार्यक्रम का बेवकास्ट के माध्यम से पूरे प्रदेश में लाईव प्रसारण हुआ। छिंदवाड़ा जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगर पालिक निगम व जिले के सभी नगरीय निकायों के सभी वार्डो में इस कार्यकम के सीधे प्रसारण को देखा व सुना गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती कल्पना तिवारी रिछारिया ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय के वीडियो कॉफेसिंग कक्ष में अतिरिक्त कलेक्टर ओ.पी.सनोडिया, सहायक कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री राना परवीन खान, पूर्व पार्षद श्रीमती प्रीति बिसेन, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों, कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा और सुना इसी प्रकार जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में छिंदवाड़ा नगर के पातालेश्वर में चौरा बाबा के पास आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा और सुना गया । इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य शेषराव यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, आयुक्त नगरपालिक निगम राहुल सिंह, अन्य अधिकांरी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## जिला पाल समाज की बैठक में भवन निर्माण का प्रस्ताव पास



**छिन्दवाड़ा ।** जिलाध्यक्ष शशिकांत धनोरिया की उपस्थिति में एवं संरक्षक रोशन लाल पाल चेतराम पाल एवं सचिव रुपेश पाल की उपस्थिति में जिला पाल समाज की बैठक गाड़री ढाना शिव मंदिर में संपन्न हुई जिला पाल समाज द्वारा जिला पाल समाज के भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव लिया गया एवं भवन निर्माण की प्रक्रिया को आगे गति देने का निर्णय लिया गया जिला पाल समाज के उपस्थित सभी सामाजिक बंधु एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह प्रस्ताव लिया गया एवं इस विषय में चर्चा भी की गई आगामी दिनों में जिला पाल समाज के भवन निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा जिला पाल समाज के द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं से आग्रह किया गया है कि जिला पाल समाज के भवन निर्माण के लिए आगे आकर जिला पाल समाज के भवन निर्माण के लिए सहयोग प्रदान किया जाए एवं जिला पाल समाज के द्वारा आगामी कुछ दिनों में जिला पाल समाज किस संगठन के द्वारा सभी पाल समाज निवासरत ग्राम में जाकर सभी सामाजिक बंधुओं से रूबरू होंगे एवं भवन निर्माण हेतु सहयोग के विषय में चर्चा की जाएगी एवं जिलाध्यक्ष ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सामाजिक उपस्थित बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

## फूलों की होली खेलेगा पुजारी संघ



**छिन्दवाड़ा ।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ होली उत्सव कार्यक्रम जिलाध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी के द्वारा शिव मंदिर में आयोजित किया गया है जिसमें समस्त पदाधिकारी उपस्थित होकर 8 मार्च को शाम 7 बजे उपस्थित होंगे संघ द्वारा 3 वर्षों से होली उत्सव मनाया जा रहा है और फूलों की होली खेली जा रही जिसमें समस्त पुजारी संघ की टीम उपस्थित रहेगी

उत्सव मनाने लेकर बैठक में पंडित शिव शंकर मिश्रा, पंडित शालिग्राम पांडे, शिवनंदन गोस्वामी, शिवम मिश्रा, गोपाल मिश्रा ,चंद्रशेखर समस्त ब्राह्मण बन्धु द्वारा निर्णय लिया गया।

## 1165 जोड़े का होगा विवाह

**छिंदवाड़ा ।** 13 मार्च को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह निकाह योजना के अंतर्गत 4 मार्च को शाम तक निगम के योजना कार्यालय में आवेदन जमा किए गए। आवेदनों की स्कूटनी में कुल 1165 जोड़े के विवाह निकाह हेतु पात्र पाए गए। इन जोड़ों में 215 जोड़े नगर निगम छिंदवाड़ा, 241 जनपद पंचायत छिंदवाड़ा क्षेत्र के एवं अन्य जोड़े जिले के विभिन्न निकायों एवं जनपदों के है। इसके साथ ही जिले के बाहर के जोड़ो के विवाह भी कार्यक्रम में कराए जा रहे है। कार्यक्रम के स्थल एवं पुलिस ग्राउंड का चिन्हांकन किया गया है।

## रविवार को भी खुले रहे काउंटर

### संपत्ति कर एवं जलकर की राशि हुई जमा

**छिंदवाड़ा ।** वित्तीय वर्ष 2022-23 के समाप्ति के अंतिम माह करदाताओं की सुविधा को देखते हुए नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह ने अवकाश के दिवस में भी संपत्ति कर एवं जल कर जमा करने हेतु निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय के काउंटर खुले रखने के निर्देश प्रदान किए थे इस पर आज निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय नोनिया करबल पंचायत, चंदनगांव लोन ऑफिस एवं जगन्नाथ स्कूल जोन ऑफिस के काउंटर खुले रहे। इन काउंटर में 68,564/- रुपए जलकर एवं 1,34,762/- रुपए संपत्ति कर जमा कराए गए। निगम क्षेत्र के करदाता ई नगर पालिका की वेबसाइट एवं यूपीआई फोन पे गूगल पे पेटीएम आदि के माध्यम से भी ऑनलाइन संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान कर सकते हैं।

## महिलाओं को मिलेंगे प्रतिमाह एक हजार रुपय

**अमरवाड़ा।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शुभारंभ अवसर पर कार्यालय नगरपालिका अमरवाड़ा में भोपाल से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया ढ्व कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा योजना का शुभारंभ करते हुए विस्तृत जानकारी देकर बताया गया कि योजना में फ़िलहाल फॉर्म भरने में आय और मूल निवास प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है ढ्व कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी सभापति आरिफ शाह, दीपा सूर्यवंशी, नीतू पटेल, कल्पना साहू, भाजपा नेता नितिन तिवारी, संतु साहू, मुकेश सूर्यवंशी, दुर्गा वंशकार, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## परंपरा अनुसार भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाएगा राम जन्म उत्सव

### शहर भगवा पताका से सजेगा, हर घर पर भगवा झंडा फहरायगा रामनवमी को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक

**छिंदवाड़ा ।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव, रामनवमी के अवसर पर छिंदवाड़ा शहर भगवा झंडे एवं तोरण , स्वागत द्वार से सजाया जाएगा । यह निर्णय आज स्थानीय राणा लान में हुई हिंदू उत्सव समिति की बैठक में लिया गया । हिंदू उत्सव समिति की बैठक राणा लॉन में संपन्न हुई । जिसमें सभी धार्मिक क्षेत्रों से और धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे । हिंदू उत्सव समिति विगत 12 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से भव्य विशाल वाहन रैली निकालकर मनाती आई है । इस वर्ष भी सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने वाहन रैली को भव्यता देकर एकरूपता से विशाल वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया है ।समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि वाहन रैली का स्वागत तो रैली के मार्ग पर भव्यता के साथ किया जाता है और खाद्य सामग्री का भी वितरण इस अवसर पर किया जाता है खाद्य सामग्री का वितरण पोला ग्राउंड पर स्टाल लगाकर किया जाए और रैली भव्यता के साथ आगे बढ़े इसका प्रयास किया जाए। रैली में अवांछित नारे ना लगाए जाए इसके लिए पहले से ही निर्धारित नारे राम भक्तों को दिए जाएं । पूरे शहर में विद्युत रोशनी कर भगवा तोरण और झंडों से और स्वागत द्वारों से सजाए जाने का निर्णय भी सभी की सहमति से लिया गया है । इस वर्ष भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव विशाल वाहन रैली दादाजी धूनीवाले दरबार से चार फाटक से प्रारंभ होकर शहर में भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान में इसका समापन होगा । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहर की सभी मठ मंदिरों में स्थानीय स्तर पर स्तर पर बैठकों का आयोजन कर भव्यता के लिए प्रयास किए जाएं । इस वर्ष मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में इस वाहन रैली में शामिल होने का प्रण ले चुकी है । मातृशक्ति भगवा रंग का परिधान पहनकर रैली का नेतृत्व करेगी । रैली मार्ग में मातृशक्ति की टोली इस विशाल वाहन रैली का नेतृत्व करेगी । राम जन्म उत्सव के दिन आगामी 30 मार्च को शहर के सभी मठ मंदिरों में आतिशबाजी का भी वितरण और मिष्ठान का वितरण हिंदू उत्सव समिति द्वारा किया जाएगा । आगामी दिनों में शहर के सभी गणेश उत्सव दुर्गा उत्सव समितियों के साथ मठ मंदिरों के समितियों के साथ हिंदू उत्सव समिति के सदस्य बैठक करेंगे ।

## लोकसभा प्रवास योजना में प्रभारियों की योजनावार हुई नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा ।** बीते दिनों केंद्रीय मंत्री सह लोकसभा प्रभारी श्री गिरिराज सिंह के प्रवास के उपरांत लोकसभा प्रवास योजना अंतर्गत प्रभारियों की नियुक्ति की गई। प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा, जल जीवन मिशन समेत कुल 16 योजनाओं के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति की गई ।रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू द्वारा योजनावार प्रभारियों की घोषणा के साथ ही उन्हें अपनी-अपनी योजनाओं पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रभारियों को उपस्थितों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई दी गई। योजना प्रभारी- संसदीय क्षेत्र प्रभारी- श्री नरेश दिवाकर, संसदीय क्षेत्र संयोजक- शेषराव यादव, पूर्णकालिक कार्यकर्ता- अशोक यादव, सोशल मीडिया टीम- विक्रांत अहिरवार, योगेश पवार, योगेश चौखे, मीडिया टीम- रोशन सिंगनापुरे अभिषेक शर्मा, हितग्राही योजना प्रभारी जगेंद्र अल्डक, गरिमा दामोदर, संजय पटेल, संदीप वर्मा, जनहित याचिका एवं आरटीआई- विक्रम सोनी, प्रेमचंद्र बड़गैया, चंदनलाल चौरिया, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण- मनोज नेमा, ललिता वर्मा, प्रधानमंत्री उज्वला योजना- प्रदीप चौधरी, संध्या चौरसिया, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना- डॉ. कृष्ण हरजानी, मीनाक्षी कुलसंगे, जल जीवन मिशन- संतोष राय, कामिनी शाह, स्वच्छ भारत अभियान- अरविंद राजपूत, कांता ठाकुर, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना- राजेश बैस, कांता सदारंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना- सौरभ ठाकुर, उर्मिला भारती, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना- राजेश श्रीवास्तव, दीपिका चौपड़े, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना- संजय अग्रवाल, मोनिका शंभू साहू,वन नेशन वन राशन कार्ड- सूरज पटेल, माया डेहरिया, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना- कमलेश उइके, गरिमा दामोदर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि- जितेंद्र शाह, मीना दुबे, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- योगेश साहू, भारती साहू बने है ।

## सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय की सतत साफ सफाई करवाने दिये निर्देश




**छिंदवाड़ा ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत निगमायुक्त राहुल सिंह द्वारा बैठक ली गई। बैठक में निगमायुक्त ने हर जोन में दो थैला बैंक एवं दो बर्तन बैंक स्थापित करने हेतु निर्देश सिटी मैनेजर उमेश पयासी को प्रदान किए। शहर के एक व्यवसायिक एरिया को डी- कन्जस्ट किए जाने हेतु चिन्हांकित करने के निर्देश आनंद अग्रवाल को दिए गए। टॉयलेट 2.ह्व के अंतर्गत सभी सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय तथा मुत्रालाओ को दिव्यांग फ्रेंडली बनाने पुताई कराने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु सभी वार्ड उपयंत्रियों को निरीक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। सभी सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय एवं मुत्रालयों की सतत साफ सफाई करवाने के निर्देश जोन प्रभारियों को दिए गए। सभी उपयंत्री एवं जोन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु के पूर्व ऐसे स्थानों का चयन करें जहां वर्षा का पानी भरता है एवं इसके निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। निगम आयुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में शहर के विभिन्न स्थानों में स्क्रैप से बने बेंच कुर्सी इत्यादि आवश्यक सामग्री निर्माण के निर्देश उपयंत्री एवं पार्क प्रभारी को प्रदान किए गए थे इस संबंध में कार्रवाई ना होने पर निगमायुक्त ने सभी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश स्थापना लिपिक को प्रदान किए। शहर के प्रमुख चौराहों एवं स्थलों में लगे हुए फव्वारों की स्थिति का निरीक्षण कर उन्हें तत्काल चालू कराए जाने के निर्देश उपयंत्री रोहित सूर्यवंशी को दिए गए। निगमायुक्त ने शहर में टूटे हुए डस्टबिन को चिन्हित कर उन्हें बदलने के निर्देश प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी को प्रदान किए।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान के जन्मदिवस पर नपानि छिंदवाड़ा और नगरीय निकाय पांढुर्णा में 408 पौधों का रोपण

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस पर आज प्रदेश में 23 हजार 360 पौधों का रोपण किया गया। इसी तारतम्य में छिंदवाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक-47 की प्रियदर्शिनी कॉलोनी की शिव वाटिका में 300 पौधों का रोपण किया गया । इस अवसर पर इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री विवेक साहू व श्री शेषराव यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, आयुक्त नगरपालिक निगम श्री राहुल सिंह, अन्य अधिकारी/कर्मचारी और नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक पौधों का रोपण किया। इसी प्रकार जिले के नगरीय निकाय पांढुर्णा के शंकर नगर वार्ड की शिव वाटिका में भी महिला जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने 108 पौधों का रोपण किया ।

## सिल्लेवानी के ग्राम हांडिया पठार, आम्बाझिरी, सिल्लेवानी, लास में हाथ से हाथ जोड़ो



**मोहखेड़ ।** हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री नकुलनाथ एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वनाथ जी ओक्टे के आदेशानुसार हांडिया पठार, आम्बाझिरी, सिल्लेवानी, लास में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में कमलनाथ जी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने को लेकर चर्चा हुई, एवं भाजपा द्वारा सत्ता पाने की लालच में जो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की सरकार गिराई गई, उसके कितने नुकसान छिंदवाड़ा जिले को हुआ यह जनता को बताया गया, और अब आप सबके सहयोग से प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ जी बनेंगे तो कितना फायदा छिंदवाड़ा जिले को होगा यहां जनता को बात समझाई गई, भाजपा सरकार द्वारा छिंदवाड़ा के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है माननीय कमलनाथ जी द्वारा स्वीकृत योजना को रोक दिया गया है कन्हान काम्पलेक्स ,माचागोरा माइक्रो सिंचाई परियोजना,एवं सामुहिक पेयजल योजना, मेडिकल कॉलेज हॉर्टिकल्चर कॉलेज एग्रीकल्चर कॉलेज एवं अन्य कामों को या तो बंद कर दिया गया है या फंड में कटौती की जा रही है। किसान कर्ज माफी योजना बंद कर दी गई है ।जिससे हम सबका नुकसान हो रहा है युवाओ को रोजगार नहीं मिला नौकरी का आरक्षण कमलनाथ जी की सरकार द्वारा 27त्न दिया गया था ।उसे14त्न कर दिया गया। पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस के दाम बढ़ रहे हैं भाजपा के द्वारा केवल झूठी विकास यात्रा निकालकर जनता को गुमराह किया जा रहा है एक दूसरे को जाति धर्म के आधार पर बांट कर लड़ाया जा रहा है ।हर दिन छिंदवाड़ा में बीजेपी के केन्द्रीय नेता कोरे हाथ आकर जनता को गुमराह कर रहे हैं विकास की बात ना कर केवल कमलनाथ जी की बुराई में लगे हैं जिसका हम सबको मिलकर भाजपा को करारा जवाब देना हैआने वाले समय में हम सबको मिलकर कांग्रेस की सरकार को लाना है एवं भाजपा के द्वारा किए जा रहे व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना

## यू टू फिटनेस क्लब सर्कुलर बॉयज क्लब ने जीते मैच

**छिन्दवाड़ा ।** पहला मैच स्पार्टन क्लब छिंदवाड़ा व यू टू फिटनेस क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यू टू फिटनेस क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए। जिसमें 44 रन अभिषेक नामदेव व 40 रन योगेंद्र राज ने बनाएं ।स्पार्टन क्लब के गेंदबाज नयन सक्सेना ने 3 व नीरज सल्लाम व मोहित श्रीवास 2-2 विकेट लिए।164 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पार्टन क्लब 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। स्पार्टन क्लब के बल्लेबाज नीरज सल्लाम ने 60 व प्रतीक दुबे ने 38 रन बनाए। यू टू फिटनेस क्लब के गेंदबाज आकाश सूर्यवंशी ने 4 विकेट लिए। मैच 8 रनो से यू टू फिटनेस क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया दूसरा मैच सर्कुलर बॉयज क्लब छिंदवाड़ा व विद्या भूमि क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्कुलर बॉयज क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 174 रन बनाये। जिसमे सर्वाधिक 81 रन अंचित ठाकुर व 45 रन अंशु वर्मा ने बनाये। विद्या भूमि क्लब के गेंदबाज सादेन फ़ैज़ खान ने 3 विकेट लिए। 175 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्या भूमि क्लब 20 ओवर में 9 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। विद्या भूमि क्लब के बल्लेबाज सेजल भादे ने 43 व 31 रन एज़ाज़ मंसूरी ने बनाए। सर्कुलर बॉयज क्लब के गेंदबाज श्रीमन्त पाटणकर व सुरेश गवालवंशी ने 2-2 विकेट लिए मैच 37 रनो से सर्कुलर बॉयज क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया

## पौधारोपण कर किया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने किया श्रमदान



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा रविवार को पी जी कॉलेज में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल ,ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्श दाता विनोद तिवारी,लता नागले, तृप्ति सिंह,जयप्रकाश सूर्यवंशी ,आशीष साहू सहित सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीयो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का संबोधन लाडली बहना योजना कार्यक्रम भोपाल का सीधा लाइब प्रसारण से जुड़े जिसे देखा एवम सुना,इसके पश्चात सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के जन्म दिवस पर नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति एवम प्रस्फुटन समिति के सदस्यो बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया एवम पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन परामर्श दाता समाजसेवी विनोद तिवारी,लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी आशीष साहू समाजसेवी डाक्टर सी के विश्वकर्मा ,महेश बंदेवार,नंदू निर्मलकर,मुकेश दीक्षित सहित नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति के सदस्य गण,प्रस्फुटन समिति के सिद्धि विनायक नगर विकास समिति छिन्दवाड़ा श्रीमती नीलिमा पूरी गोस्वामी, श्रीमती प्रीति ठाकुर, श्रीमती प्रीति बंदेवार,श्रीमती मीना गुप्ता ,श्रीमती उषा बघेल ,श्रीमती पूजा पांडे,प्रीति मौर्य, निशा सूर्यवंशी , रितु ठाकुर ,महेश बंदेवार ,मानसी,,दीपमाला आदि उपस्थित रहे

# भाजपा में दम हो तो कमलनाथ पर लगाये आरोपों की जांच कराये, अन्यथा माफी मांगे: विश्वनाथ ओक्टे





**छिन्दवाड़ा ।** जिले की जनता को धमकिया देने वाले केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री यह नहीं जानते कि छिन्दवाड़ा जिले जनता संस्कारी व धीर और गम्भीर है इसीलिये दो दिनों तक उनके अनर्गल बयानों को सुनकर नकारती रही, हालांकि दो दिनों में जिले की राजनैतिक व सामाजिक फिजा बिगाडने् में केन्द्रीय मंत्री गिरीराज ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन जनता ने अपना सब्र नहीं छोड़ा अपने बेतूके बयानों से स्वयं को जोधा समझने वाले गिरीराज भूल गये कि बेगुसराय में उनके साथ क्या हुआ था।

केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह के बयानों पर पलटवार करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने अपनी तीखी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुये कहा कि अपनी अभद्र और धमकी भरी टिप्पयिों से गिरीराज और उनके समर्थकखुश हो सकते हैं परन्तु छिन्दवाड़ा के बुद्धिजीवी वर्ग, राजनैतिक वर्ग, महिलाओं व आमजनों ने इसे अपना और जिले का अपमान माना है जिसके लिये केन्द्रीय मंत्री को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिये।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने दी गिरिराज सिंह को खुली चुनौती

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने अपने बयान में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को खुली चुनौती देते हुये कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा की सरकार है और वे खुद भी केन्द्रीय मंत्री के पद पर पदस्थ है यदि उनमें और उनकी पार्टी में दम है तो वे कमलनाथ पर लगाये आरोपों की जांच करवायें अन्यथा वे अपने इस बेहुदा और बेतुके बयान के लिये सर्वाजनिक तौर पर माफी मांगें। श्री ओक्टे ने आगे कहा कि गिरिराज सिंह का उनके प्रदेश और उनकी पार्टी में भी कोई महत्व नहीं है वे अपने भड़काउ भाषा और मसखरेपन के लिये जाने जाते हैं। अपने उसी अंदाज को वे छिन्दवाड़ा में दिखा रहे हैं। जिसे जिले की जनता ने सिरे से अस्वीकार कर दिया है अगर वे भविष्य में भी छिन्दवाड़ा आते जाते हैं वे यहां की जनता से सभ्यता, संस्कृति व संस्कार सीखें।

### राहुल गांधी और कमलनाथ से राजनीति सीखें

जो सोते साते कहते हैं जागो और लेटे लेटे कहते हैं भागो ऐसे गिरिराज जी को देश के युवा तुर्क राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुये शर्म नहीं आई जो उन्होंने मकान देने की बात कही जबकि आमजन ने इस बात को गम्भीरता से समझा कि आतंकवाद के दौर में अपनी दादी इंदिरा जी और अपने पिता राजीव गांधी को गवाने वाले राहुल और उनके परिवार ने किस तरह इस पीड़ा को सहन किया और जनसेवा में जुटे रहे। श्री ओक्टे ने ना केवल प्रदेश बल्कि देश के नेता श्री कमलनाथ को जेल भेजे जाने की धमकी पर प्रतिक्रया देते हुये कहा कि शायद गिरीराज यह भूल गये हैं कि जिन सड़कों से वे छिन्दवाड़ा आ जा रहे हैं वह भी कमलनाथ की देन है और जिले की तीन पीढिया़ इस बात की गवाह है कि छिन्दवाड़ा का विकास किसने और कैसे किया। एक केन्द्रीय मंत्री के रूप में श्री कमलनाथ ने अपने जिले को अरबों रुपयों की सौगात दी वहीं दूसरी ओर खाली हाथ हिलाते हुये छिन्दवाड़ा आने वाले गिरीराज ने अपने विभाग तक को कुछ नहीं दिया। इसे कहते हैं ना काम के ना काज के, केवल किस्से है गिरीराज के।



### महिला कलेक्टर को अपमानित किया

मंचों से बेटियों और महिलाओं की चरण वंदन का ठोंग करने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने अपनी शिक्षा और अपने दम पर कलेक्टर बनी एक बेटी का भी सार्वजनिक तौर पर अपमान किया है अपने प्रशासनिक कार्य में उलझी और समय से पूर्व बैठक में उपस्थित हुए केंद्रीय मंत्री का द्वार पर स्वागत ना करने पर गिरिराज ने इसे अपनी तौहीन मानी और रूठ कर वापस जाने लगे इन्हें यह ज्ञान नहीं रहा कि वह जिस प्रदेश में वह हैं वहां के मुख्यमंत्री लाडली बेटी और लाडली बहना को रिझाने में जुटे हैं नारी सशक्तिकरण की झूठी बातें करने वाले केंद्रीय मंत्री ने आखिर अपने अखखड पुरुष होने का गुण दिखाई दिया।

### जिले की फिजा बिगाड़ी

संपूर्ण भारत वर्ष में छिंदवाड़ा अपनी कौमी एकता व सांप्रदायिक सद्भाव के लिए एक मिसाल है यदि भाई भाई मैं कोई मनमुटाव आया भी है तो घर के बुजुर्गों ने समझाईश देकर परिवार को एक रखा है परंतु कोई बाहरी व्यक्ति छिंदवाड़ा आकर हमारे घर में कलह मचाने की कोशिश करें इसे छिंदवाड़ा बर्दाश्त नहीं करेगा।

### देश को बचाए रखना एक खानदान की ही ताकत रही

केंद्रीय मंत्री के अनर्गल प्रताप पर श्री ओक्टे ने कहा कि देश की आजादी के बाद अनेक धर्म और एक राष्ट्र का मूल मंत्र देखकर सभी भारतवासियों को एक झंडे के नीचे रखना और इसके साथ ही हर हाथों को काम देने का प्रयास एक ही खानदान का प्रयास रहा है देश की एक अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति भी एक ही खानदान ने दी। भाजपा के गिरिराज यह बताएं कि 60 साल पहले भाजपा का वजूद क्या था और कितने भाजपाइयों ने अपना बलिदान दिया।

### अब छिंदवाड़ा आए तो कुछ सौगाते लाएं

श्री ओक्टे ने अंत में कहा कि फर्जी आंकड़े प्रस्तुत करना, और महंगाई सहित अन्य समस्याओं से भागना भाजपा का काम है कांग्रेस में हरदम समस्याओं का डटकर सामना किया है यदि गिरिराज आग अगली बार छिंदवाड़ा आते हैं तो बड़े बुजुर्गों की तथा जनता को भले ही ना सही अपने कार्यकर्ताओं और चाटुकार को ही कुछ सौगाते दे जाएं। और यह भी याद रखें कि छिंदवाड़ा की सातों सीटों पर जीतने का उनका यह सपना सात जन्म तक पूरा नहीं होगा।

## जिला स्तरीय उन्नति फेयर 2023 का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 6 मार्च को प्रात- 11 बजे से कलेक्ट्रेट के सामने स्थित मैदान में जिला स्तरीय उन्नति फेयर 2023 का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में जिले के स्व-सहायता समूहों के तैयार उत्पाद, कृषक उत्पादक समूह के उत्पाद और जिले की प्रमुख पहचान बनाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री के स्टाल लगाये जायेंगे जिसमें जिले के प्रसिध्द संतरा, मिलेट्स और पातालकोट की रसोई जैसे व्यंजनों का जिले के नागरिक आनंद उठा सकते हैं । साथ ही होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये प्राकृतिक रंगो और होली जलाने के लिये गौ-काष्ट के बिक्री के स्टाल भी होंगे। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की जिला प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंह ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से स्व-सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह, शिल्पकार आदि को सशक्त बनाने का एक प्रयास है । जिले की आम जनता व नागरिक भी हमारे जिले के प्रमुख उत्पादों के बारे में जान सकें एवं उनका उपयोग कर समूह को आर्थिक उन्नति में सहायक हो सकें, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये इस जिला स्तरीय उन्नति मेले का आयोजन किया गया है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अचानक मनोहर डेयरी पहुंचे। वहां उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती साधना सिंह तथा पुत्र कार्तिकेय भी मौजूद थे।

# विश्व की सबसे बड़ी महिला सशक्तिकरण योजना में महिलाओं को हर साल 18000 रु देगी कांग्रेस की सरकार: कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घोषणा की है कि कुछ महीने बाद प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए विश्व की सबसे बड़ी योजना शुरू की जाएगी। योजना के तहत हर महिला के खाते में साल में ?18000 डाले जाएंगे। यह योजना शिवराज सरकार द्वारा शुरू की गई कथित लाडली लक्ष्मी योजना से डेढ़ गुना अधिक आर्थिक राशि महिलाओं को प्रदान करेगी। इसी के साथ शिवराज की योजना में महिलाओं को शामिल करने पर कम और योजना से बाहर करने पर ज्यादा जोर दिया गया है। इस तरह से यह एक दिखावटी योजना है। इसके मुकाबले में कांग्रेसी सच्ची और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना लेकर आएगी।



कमलनाथ ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों को एक सुखद सूचना देना चाहता हूं। कुछ महीने बाद आप सब मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने वाली है। कांग्रेस सरकार महिलाओं को प्रतिवर्ष ?18000 की आर्थिक सहायता देगी। यह संसार की सबसे बड़ी महिला सशक्तिकरण योजना बनेगी। यह घोषणा किसी घोषणा मशीन की घोषणा नहीं है जो हर रोज अपनी बात से पलट जाते हैं। कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश की महिलाओं को देश में सबसे अधिक आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और हम वह सब पूरा करेंगे। जय मध्य प्रदेश। जय मध्य प्रदेश की नारी।

कमलनाथ जो योजना शुरू करेंगे उसका आकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि से 3 गुना अधिक बड़ा है। किसान सम्मान निधि में कृषक परिवार को महज ?6000 साल मिलते हैं जबकि कांग्रेस की महिला सशक्तिकरण योजना में परिवार की महिला को 18000 साल मिलेंगे। एक उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि शिवराज सरकार पिछले 20 वर्ष में लगातार झूठी घोषणाएं करती रही है और उसने अपनी घोषणाओं पर अमल नहीं किया है। लाडली बहना से पहले शिवराज सरकार लाड़ली लक्ष्मी योजना लेकर भी आई थी लेकिन वह योजना पूरी तरह फ्रॉड साबित हुई।

शिवराज सिंह चौहान ने 2018 के घोषणा पत्र में 12वीं पास करने वाली बच्चियों को स्कूटी देने का वादा किया था लेकिन सरकार का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी इन बच्चों की स्कूटी का कोई अता पता नहीं है। हर साल एक लाख सरकारी नौकरी और हर महीने 2 लाख रोजगार का शिवराज सरकार का वादा भी झूठा साबित हुआ है। कांग्रेस सरकार ने किसानों की जो कर्ज माफी शुरू की थी उसे भी शिवराज सरकार ने बंद कर दिया है। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने एक एक वादे को पूरा करेगी और मध्य प्रदेश को बीमारू प्रदेश से निकालकर देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाएगी।

## भोपाल की जनपरिषद ने पूरे देश में बनाए 200 चैप्टर्स



**छिन्दवाड़ा।** अग्रणी संस्था जन परिषद ने अपना बिस्तार करते हुए देश भर में 200 चैप्टर्स बना लिए हैं। प्रांतीय सचिव गोविंद चौरसिया ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष और पूर्व डीजीपी श्री एन के त्रिपाठी एवम उपाध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री महान भारत सागर ने संस्था के होली पूर्व मिलन समारोह में दी । तद उपरान्त संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव ने अध्यक्ष श्री त्रिपाठी जी का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। चैप्टर्स बनाने में अग्रणी रहे अतुल कुलश्रेष्ठ , संयोजक राम जी श्रीवास्तव , श्री रवि बिलगैया , नितिन श्रीवास्तव , संगीता होला, गोविंद चौरसिया, आशीष सोनी , हर्षल बजाज, दीपाली सिन्हा एवम विजय दीक्षित को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने अपने उदबोधन में सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी और अधिक हो गई है। महान भारत सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी सितंबर के अंतिम सप्ताह में पर्यावरण पर केंद्रित जन परिषद की आगामी दसवीं इंटरनेशनल कांफ्रेंस एवम अवार्ड सेरेमनी दुबई में आयोजित किया जाना तय हुआ है द्य आभार प्रदर्शन विनोद श्रीवास्तव ने किया ।

# आदिवासी सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए दिग्विजय सिंह

**जबलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ, जबलपुर द्वारा आयोजित विशाल आदिवासी सम्मेलन व सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। दिग्विजय सिंह ने वैवाहिक बंधन में बंधे आदिवासी समाज के वर-वधुओं को सफल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल, सह प्रभारी सीपी मित्तल जी, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , पूर्व मंत्री द्वय तरुण भनोट व लखन घनघोरिया, मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री नन्हेलाल धुर्वे जी सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोंटिया ने किया।



दिग्विजय सिंह ने प्रदेश में शुरू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा, जनता को कुछ देती है तो उसके बदले में कई गुना वसूल भी लेती है। आज बहना को एक हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है, कल पांच हजार वसूल लिए जाएंगो भाजपा सरकार ने गैस के दाम चार सौ रुपये से 11 सौ रुपये कर दिए, पेट्रोल के दाम 55 रुपये से 110 रुपये प्रति लीटर कर दिए हैं। इतना ही नहीं आटा, दाल, चावल से लेकर खाने-पीने के सामान के दाम आसमान छू रहे हैं।

**कांग्रेस सत्ता में आई तो 1500 हर माह देंगी:** दिग्विजय सिंह ने कहा कि नौ माह बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। सरकार आते ही गरीब महिलाओं को 15 सौ रुपये प्रति माह दिए जाएंगे और केंद्र में सरकार आइ तो छह हजार रुपये प्रति माह देंगे।

उन्होंने सीधी में बस दुर्घटनाओं में आदिवासी लोगों की मौत का दोषी प्रदेश सरकार को दोषी ठहराया और कहा कि भाजपा आंदोलन में भीड़ जुटाने के लिए बस भर-भर के लोगों को आयोजन स्थल पर लााती है, लेकिन उनकी सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति होती है।

**कन्याओं के खाते में 5 हजार जमा होंगे:** समारोह में 36 आदिवासी युगल जोड़ा का विवाह हुआ। इन जोड़ों को दिग्विजय सिंह और उनकी धर्मपत्नी अमृता सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल, आदिवासी कांग्रेस नेता ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व मंत्री एवं आदिवासी नेता कौशल्या गोंटिया ने मंच से उतरकर आर्शीवाद दिया। दिग्विजय सिंह ने शादी के बंधन में बंधने वाली सभी 36 कन्याओं के बैंक में खाते खुलवाने की जिम्मेदारी कौशल्या गोंटिया को दी ।





नर्सिंग छात्र समिति के बैनर तले नर्सिंग विद्यार्थियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को ज्ञापन सौंपा।

# भोपाल की चार गृह निर्माण समितियों की जांच ईओडब्ल्यू के हवाले

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल में कार्यरत गृह निर्माण समितियां गड़बड़ियों से बाज नहीं आ रही है। राजधानी भोपाल की पांच गृह निर्माण समितियों में आर्थिक अनियमितताओं की शिकायतें राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में पहुंची थी। इनमें चार में जांच जारी है जबकि समन्वय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित की शिकायत नस्तीबद्ध कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रोहित गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल की शिकायत मिलने पर प्राथमिक जांच 2009 में पंजीबद्ध की गई थी। इसकी जांच के बाद अपराध पंजीबद्ध किया गया। ब्यूरो ने इस मामले में विवेचना पूरी होंने पर अभियोग पत्र मार्च 2020 में जारी किया है और पूरक अभियोग पत्र 5 दिसंबर 2022 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। रोहित गृह निर्माण समिति की दूसरी शिकायत में प्राथमिक जांच 2009 में पंजीबद्ध की गई और इसमें वर्तमान में विवेचना जारी है। इस समिति की पहली शिकायत में विवेचना के दौरान अलग से अपराध पंजीबद्ध किया गया है इसकी भी विवेचना जारी है। एक और शिकायत इस संस्था की वर्ष 2021 में मिली है जिसका सत्यापन कराया जा रहा है। गौरव गृह निर्माण समिति के विरुद्ध वर्ष 2008 में शिकायत पंजीबद्ध की गई। इसका सत्यापन कराया जा रहा है। जो शिकायत पंजीबद्ध की गई थी उसे दिसंबर 2008 में जांच के बाद नस्तीबद्ध कर दिया गया था। आवेदकों द्वारा पुन: जांच के लिए आवेदन देने पर आवेदन पत्रों को वर्ष 2014 में पुन: जांच में लिया गया। जांच के दौरान थाना शाहपुरा जिला भोपाल में समान आशय के अपराध पंजीबद्ध होंने के कारण शिकायत और अपराधों के आरोपों का परीक्षण कराया जा रहा है। मंदाकिनी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल की शिकायत कोलार थाने से आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में विवेचनाधीन है। प्रकोष्ठ में पूर्व से सत्यापनाधीन शिकायत को भी विवेचना में शामिल किया गया है। वर्तमान में इसकी विवेचना जारी है। समन्वय गृह निर्माण सहकारी समिति की वर्ष 2011 में दर्ज शिकायत को मई 2022 में नस्तीबद्ध कर दिया गया है। गुलाबी गृह निर्माण सहकारी संस्था की शिकायत का सत्यापन कराया जा रहा है।




## युवा कप क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने चलाया बल्ला





**भोपाल।** राजधानी स्थित ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी द्वारा आयोजित युवा कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा ने पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया पहले दिन पत्रकार इलेवन और युवा कांग्रेस मीडिया इलेवन के मैत्री मैच से क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ था जिसमें छ टीमों के बीच मुकाबला हुआ था जिसमें से तीन टीमों ने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया आज एक ग्रुप मैच के बाद दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे जिसमें पहले मैच जवाहर इलेवन और आजाद इलेवन के बीच में टॉस जनपद सदस्य राहुल मंडलोई ने कराया टॉस आजाद इलेवन ने जीत कर फिल्डिंग करने का फैसला लिया।

आयोजक विवेक त्रिपाठी ने बताया कि आज के दो सेमीफाइनल मैच के बाद कल फाइनल मैच होगा साथ ही विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में इंदिरा कप का आयोजन किया जाएगा जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई इलेवन और कल्पना चावला इलेवन दोनों महिला टीमों के बीच मुकाबला रहेगा।

इस मौके पर जनपद सदस्य राहुल मंडलोई आयोजक समिति के सचिव रवि परमार सह सचिव राजवीर सिंह लक्की चौबे आशुतोष पाठक ईश्वर चौहान ऋषि सिंह जितेंद्र विश्वकर्मा मनीष कोली शिवा दांगी संदीप राजपूत और सभी दर्शक उपस्थित रहे।

## सीएम की करीबी सुरक्षा महिला पुलिस के जिम्मे

भोपाल। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल जिले अलीराजपुर में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे के दौरान उनकी करीबी सुरक्षा का जिम्मा महिला पुलिस अधिकारियों को सौंपा गया है। इसे अलीराजपुर पुलिस का महिला दिवस के पहले नवाचार बताया जा रहा है। इस नवाचार में आज ष्टरू की करीबी सुरक्षा महिला पुलिस अधिकारी और कर्मी संभालेंगी।

पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर मनोज कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि आज अलीराजपुर भगौरिया मे मुख्यमंत्री सम्मिलित होंगे। इस दौरान ष्टरू की महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, जिसमें रिंग राउण्ड की टीम की जिम्मेदारी महिला पुलिस अफसरों को दी गई है।

# गर्मी में यात्रियों को सुविधा के लिए चलेंगी 4 वीकली स्पेशल ट्रेनें

**इंदौर।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्?यान में रखते हुए उन्हें सुविधा देने के लिए रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों से होकर चार जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन स्पेशल किराए के साथ किए की घोषणा की गई है। ये सभी ट्रेने साप्ताहिक होंगी और सप्ताह में दोनों तरफ से एक-एक फेरा लगाएंगी।

जिन चार साप्ताहिक ट्रेनों की घोषणा की गई उनमें गाड़ी संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन स्पेशल किराए के साथ 8 मार्च से 28 जून तक मुंबई सेंट्रल से प्रति बुधवार 11 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन (20.15/10.25 बुधवार) होते हुए गुरुवार को 14.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन 9 मार्च से 29 जून तक काठगोदाम से प्रति गुरुवार को 17.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन (10.30/10.40 शुक्रवार) होते हुए शुक्रवार को 20.55 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, लाल कुआं जंक्शन एवं हल्द्वानी स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, चार थर्ड एसी, आठ स्लीपर श्रेणी एवं दो सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।




गाड़ी संख्या 09185/009186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन स्पेशल किराए के साथ 11 मार्च से 24 जून तक मुंबई सेंट्रल से प्रति शनिवार को 11.05 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन (20.15/20.25 शनिवार) होते हुए रविवार को 15.35 बजे कानपुर अनवरगंज पहुंचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल स्पेशल सुपरफास्ट 12 मार्च से 25 जून तक कानपुर अनवरगंज से प्रति रविवार को 18.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन (10.30/10.40, सोमवार) होते हुए प्रति सोमवार को 22.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, मथुरा कैंट, हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज और बिल्हौर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, चार थर्ड एसी, बारह स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

गाड़ी संख्या 09091/09092 उधना-हिसार-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ 8 मार्च से 28 जून तक उधना से प्रति बुधवार को 1.10 बजे चलकर रतलाम मंडल के दाहोद (05.13/05.15 बुधवार) एवं रतलाम (06.45/06.50 बुधवार) होते हुए बुधवार को 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09092 हिसार-उधना स्पेशल एक्सप्रेस 9 मार्च से 29 जून तक हिसार से प्रति गुरुवार को रात 12.15 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (16.40/16.50, गुरूवार) एवं दाहोद (18.25/18.27, गुरूवार) होते हुए प्रति शुक्रवार को 12.05 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में सूरत, भरूच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, दुर्गापुरा, जयपुर, चौमू सामोद, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी, चरखी दादरी, भिवानी एवं हांसी स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, एक सेकंड एसी कम थर्ड एसी, चार थर्ड एसी, बारह स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 09117 सूरत-सूबेदारगंज स्पेशल एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन स्पेशल किराया के साथ 10 मार्च से 30 जून तक सूरत से प्रति शुक्रवार को 6.00 बजे चलकर रतलाम मंडल के दाहोद (10.20/10.22), रतलाम (13.05/13.15) उज्जैन (15.15/15.25) एवं मक्सी (16.40/16.42) होते हुए शनिवार को 08.40 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत स्पेशल सुपरफास्ट 11 मार्च से 1 जुलाई तक सूबेदारगंज से प्रति शनिवार को 19.25 बजे चलकर रतलाम मंडल के मक्सी (11.40/11.42, रविवार), उज्जैन (12.30/12.40), रतलाम (14.35/14.40) एवं दाहोद (16.01/16.03) होते हुए रविवार को 20.00 बजे सूरत पहुंचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, पचोर रोड, ब्यावरा राजगढ़, रुठियाई, गुना, बदरवास, शिवपुरी, ग्वालियर, मालनपुर, सोनी, भिंड, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, एक सेकंड कम थर्ड एसी, चार थर्ड एसी, बारह स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।